
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



सफेद घने फर वाला ............
बंदर जी ने सुधारा.....

वर्ष : 12 | अंक : 39 | लखनऊ, 31 जनवरी, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति को अयोध्या का न्योता, मार्च में जाएंगी

**नई दिल्ली।** श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति



द्रौपदी मुर्मू मार्च में अयोध्या आकर भगवान राम के दर्शन और पूजा कर सकती हैं। अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मिश्रा ने संकेत दिया कि राष्ट्रपति ने अनौपचारिक रूप से इस दौरे के लिए सहमति दे दी है।

### आईएडीएमके को मशीन में किया साफः स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा हमला किया।



उन्होंने पूछा कि क्या भ्रष्टाचार के मामलों में कथित तौर पर संलिप्त उनकी सहयोगी एआईएडीएमके को उनकी वॉशिंग मशीन में साफ कर दिया गया है। जो यहां के विकास को पचा नहीं पाते। वे वॉट्सएप विश्वविद्यालय से झूठ फैलाते हैं।

### सैनिक अभ्यास के बाद फटा बम, 1 की मौत

**गया।** सैनिक अभ्यास के बाद सुरक्षा मानकों के पालन में हुई गंभीर लापरवाही एक नाबालिग की



जान पर भारी पड़ गई। बाराचट्टी प्रखंड क्षेत्र के बुमेर पंचायत के विघी पहाड़ी के समीप स्थित सैनिक अभ्यास फील्ड रेंज में शुक्रवार को अप्रस्फुटित विस्फोटक के फटने से 15 वर्षीय किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### अजहर ने बंगले पर खर्च किए 76 लाख रुपए

**हैदराबाद।** तंगी से जूझ रहे राज्य ने मंत्री पूर्व क्रिकेटर अजहरुद्दीन के बंगले की मरम्मत पर खर्च किए 76



लाख खर्च किए। इसके बाद राजनीतिक विवाद गहरा गया। सरकार का कहना है कि इमारत 15 साल से खाली थी और खराब हालत में थी। विपक्ष सवाल उठा रहा सरकार वित्तीय तंगी का हवाला दे रही है।

---

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कांग्रेस और राहुल पर साधा निशाना

# राहुल को नॉर्थ-ईस्ट से क्या दुश्मनी? असम की पहचान गमछा नहीं पहना

भाजपा इस क्षेत्र की संस्कृति का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी

## डिब्रूगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष के नेता पर उठाए सवाल



डिब्रूगढ़ के कार्यक्रम में गृहमंत्री शाह

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने असम में कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए गमछा विवाद को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पूछा कि जब राहुल गांधी ने गणतंत्र दिवस के दिन राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में असम की पारंपरिक पहचान गमछा नहीं पहना, तो असम कांग्रेस इस पर चुप क्यों है? डिब्रूगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पूरे कार्यक्रम में केवल राहुल गांधी ही ऐसे नेता थे जिन्होंने नॉर्थ ईस्ट का गमछा नहीं पहना। आखिर उन्हें नॉर्थ ईस्ट से ऐसी क्या दुश्मनी है? शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने न केवल देश में, बल्कि संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी ये गमछा पहनकर नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति का सम्मान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी एक नेता के व्यवहार से नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति कमजोर नहीं होगी। राहुल चाहे जो करें, नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति हमेशा फलती-फूलती रहेगी। भाजपा इस क्षेत्र की संस्कृति का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।

■ उनके आचरण से कोई फर्क नहीं पड़ेगा

**शाह ने चला चुनावी दांव, कांग्रेस को नहीं मिली 'छांव'**

पीएम मोदी ने बड़े मंच पर भी संस्कृति का सम्मान किया





सीएम हिमंत सरमा के साथ गृहमंत्री शाह

### राहुल 'नॉर्थ ईस्ट विरोधी'

गणतंत्र दिवस के बाद तस्वीरों और वीडियो में राहुल कुछ समय बाद गमछा पहने हुए नजर नहीं आए, जिसे भाजपा नेताओं ने इसे असम और नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति का अपमान बताया है। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा समेत कई भाजपा नेताओं ने राहुल की "नॉर्थ ईस्ट विरोधी सोच" करार दिया।

### अवैध घुसपैठ पर भी कांग्रेस को घेरा

गमछा विवाद के अलावा शाह ने कांग्रेस पर अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने असम जैसे सीमावर्ती राज्यों में अवैध प्रवासियों को राजनीतिक वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया। शाह ने कहा कि अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देकर कांग्रेस ने सिर्फ अपना वोट बैंक मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में बनने वाली अगली भाजपा सरकार असम से चुन-चुनकर घुसपैठियों को भगाएगी।

### डिब्रूगढ़ को दूसरी राजधानी बनाने की सराहना की

शाह ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि डिब्रूगढ़ को असम की दूसरी राजधानी बनाने का फैसला ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि यहां 250 एकड़ में नए विधानसभा परिसर की आधारशिला रखी जा चुकी है। इसके अलावा गृहमंत्री शाह ने कहा कि सीएम सरमा ने असम के विकास में कई आयाम गढ़े। यहां कई संस्थान खुले। नए हवाई इड्डे भी सरमा के कार्यकाल में मिले। वे घुसपैठियों की पहचान कर रहे हैं।

### भाजपा ने इसे नॉर्थ ईस्ट की अस्मिता से जोड़ा

गमछा को लेकर उठा विवाद अब सांस्कृतिक सम्मान बनाम राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का रूप ले चुका है। भाजपा इसे नॉर्थ ईस्ट की अस्मिता से जोड़ रही है, जबकि कांग्रेस इसे बेवजह का राजनीतिक मुद्दा बता रही है। चुनावों के मद्देनजर यह बहस असम की राजनीति में और तेज होने की संभावना है। शाह और भाजपा चाहती है कि असम में होने वाले चुनाव से पहले गमछा विवाद जोर पकड़े ताकि उनकी पार्टी के लोग असमिया लोगों को यह समझा सकें कि कांग्रेस असम और पूर्वोत्तर की संस्कृति के संरक्षक नहीं है।

कांग्रेस का जवाब

### कार्यक्रम की शुरुआत में पहना था 'पटका'

कांग्रेस ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने कार्यक्रम की शुरुआत में गमछा (पटका) पहना था और बाद में बैठने के दौरान उसे उतार दिया। उस समय कई अन्य नेता, जिनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल थे, गमछा पहने हुए नहीं दिखे। कांग्रेस ने भाजपा पर चुनिंदा राजनीति करने और एक औपचारिक कार्यक्रम को राजनीतिक मुद्दा बनाने का आरोप लगाया।

---

महाराष्ट्र में एनसीपी नेतृत्व को लेकर स्थिति स्पष्ट

# सुनेत्रा संभालेंगी डिप्टी सीएम का पद, राज्यसभा जाएंगे पार्थ पवार

प्रफुल्ल पटेल हो सकते हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

अजित पवार की विमान हादसे में आकस्मिक मृत्यु के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार ने देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में डिप्टी सीएम का पद स्वीकार करने पर हामी भर दी है। वह कल शाम शपथ ले सकती हैं। वर्तमान में सुनेत्रा राज्यसभा की सांसद हैं। महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के बाद उन्हें राज्यसभा सीट खाली करनी पड़ेगी।

सूत्रों की मानें तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) अजित पवार के बड़े बेटे पार्थ को उनकी मां की जगह राज्यसभा भेजने की तैयारी में है। वहीं, शुक्रवार को एनसीपी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और छगन भुजबल फडणवीस के 'वर्षा' बंगले पहुंचे और सीएम से मुलाकात की। इस मुलाकात में पार्टी नेताओं ने पवार के पास रहे विभागों पर अपना दावा पेश किया।

### आज होगा शपथ ग्रहण समारोह

सूत्रों के अनुसार, सुनेत्रा का शपथ ग्रहण समारोह मुंबई राजभवन में शनिवार (30 जनवरी) शाम 5 बजे होगा। वह पुणे जिले की बारामती विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी लड़ेंगी, जो उनके पति अजित पवार के निधन के बाद खाली हुई है। एनसीपी ने पार्टी व्हिप जारी कर 31 जनवरी 2026 को दोपहर 2:00 बजे मुंबई के विधान भवन में महाराष्ट्र विधानसभा और विधान परिषद के अपने सभी सदस्यों की बैठक बुलाई है।

### सीएम फडणवीस को नहीं है आपत्ति

एनसीपी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए छगन भुजबल ने कहा कि हम शुक्रवार को सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिले, हम गुरुवार रात भी उनसे मिले थे। हमने पूछा कि क्या शपथ ग्रहण समारोह और दूसरी सभी औपचारिकताएं शनिवार को पूरी की जा सकती हैं। सीएम ने कहा कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। वह शनिवार को डिप्टी सीएम पद की शपथ ले सकती हैं, बशर्ते विधायक दल औपचारिक रूप से इस पर फैसला ले लें। इससे पहले भी नागपुर में सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि एनसीपी डिप्टी सीएम पद के लिए जो भी फैसला लेना होगा, वह लेगी और सरकार व भाजपा उस फैसले का समर्थन करेंगी। मैं सिर्फ इतना कह सकता हूं कि हम अजित दादा के परिवार और एनसीपी के साथ खड़े हैं। बता दें, अजित पवार का 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया था।

---

नए महीने में कई नियम बदलेंगे

# एलपीजी से लेकर सिगरेट व फास्टैग में होंगे कई बदलाव

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

इस बार फरवरी आम लोगों के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है। 1



फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा, वहीं रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े कई बड़े नियमों में बदलाव भी लागू होंगे। इन बदलावों का असर सीधे आपकी जेब, घरेलू खर्च, टैक्स प्लानिंग, निवेश और दैनिक जरूरतों पर पड़ेगा। गैस सिलेंडर से लेकर सिगरेट, ईंधन से लेकर बैंकिंग और फास्टैग तक हर क्षेत्र में कुछ न कुछ बदलाव संभव है। एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें जारी की जाएंगी। खास तौर पर 14 किलो घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में बदलाव की उम्मीद है। एयर टर्बाइन फ्यूल की नई कीमतें भी जारी होंगी। एटीएफ की कीमतों में बदलाव का असर सीधे हवाई यात्रा के किराए पर पड़ता है। पिछले महीने 1 जनवरी को दिल्ली में एटीएफ की कीमतों में करीब 7 फीसदी की कटौती हुई थी। तंबाकू उत्पादों और पान मसाला पर अतिरिक्त टैक्स लग सकता है।

---

परमहंस आचार्य का बड़ा दावा

# ट्रंप ने कराया था पीएम मोदी का वशीकरण, हमने 'भगाया'

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

यहां के परमहंस आचार्य ने बड़ा रोचक दावा किया है। आचार्य ने



कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी पर तंत्र-मंत्र कराए थे और उसके असर के चलते ही वह वशीकरण का शिकार हो गए थे। इसी के चलते यूजीसी ने ऐसा नियम बनाया था, लेकिन अब हमने वैदिक मंत्रों से उन्हें मुक्त करा लिया है। मीडिया से बात करते हुए परमहंस आचार्य ने कहा कि हमें लगा कि आखिर ऐसा कैसे हो गया? इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि उनके बढ़ते हुए प्रभाव को देखते हुए जरूर दुनिया ने तंत्र-मंत्र कराकर वशीकरण किया है। इसके बाद जब मैंने ध्यान लगाया तो पता लगा कि ट्रंप ने तंत्र-मंत्र कराकर वशीकरण किया था। अब हमने यहां वैदिक मंत्रों का पाठ किया है और अब उन पर वशीकरण का असर नहीं पड़ेगा। अब हम उम्मीद करते हैं कि मोदी जी ऐसा कोई कानून न बनाएं, जिससे देश का विकास रुक जाए।

---

गोवा में चुनाव के लिए भाजपा ने कसी कमर

# नबीन ने कोर ग्रुप बैठक की और नेताओं में भरा जीत का 'उत्साह'

## जगाया जोश, फिर से जीतेगी पार्टी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने शुक्रवार को गोवा की राजधानी पणजी में पार्टी की कोर ग्रुप बैठक की अध्यक्षता की। बैठक से पहले, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने वरिष्ठ पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ सुबह हवाई अड्डे पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया।

पत्रकारों से बात करते हुए, सावंत ने भाजपा की गोवा इकाई में उच्च स्तर के उत्साह को रेखांकित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी आगामी चुनावों में फिर से विजयी होगी।





गोवा में बैठक के दौरान भाजपाध्यक्ष नबीन और सीएम प्रमोद सावंत (बाएं)

### आगामी रणनीतिक पहलों पर ध्यान केंद्रित किया

सीएम सावंत ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन गोवा पहुंच गए हैं और हमने उनका भव्य स्वागत किया। पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी चुनावों में फिर से विजयी होगी। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष ने आगामी राज्य विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में वरिष्ठ पार्टी नेताओं के साथ एक उच्च स्तरीय रणनीति बैठक की।

---


आंध्र प्रदेश में तिरुपति प्रसाद विवाद में खुलासा

# लड्डू में नहीं था गोमांस वाला 'घी' उसमें एस्टर की मिलावट पाई गई

## नकली सामान को लेकर सीबीआई ने चार्जशीट पेश की

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

मंदिर में प्रसाद के तौर पर दिए जाने वाले लड्डुओं में मिलावट का दावा आंध्र प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की राजनीति में भी एक अहम मुद्दा बन गया था। अब सीबीआई के नेतृत्व में जांच कर रही एसआईटी की टीम ने अपनी फाइनल चार्जशीट दायर कर दी है। इस चार्जशीट में कहा गया कि 2019 से 2024 के बीच लड्डू वाला प्रसाद बनाने में इस्तेमाल किए गए घी में गोमांस की चर्बी या लार्ड नहीं था। नेल्लोर स्थित भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो की अदालत में 23 जनवरी को आरोप पत्र दाखिल किया गया था।



2024 में मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उनके उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने यह आरोप लगाकर एक विवाद खड़ा कर दिया था कि पवित्र तिरुपति लड्डू में पशु वसा की मिलावट की गई है। जांच सीबीआई की विशेष जांच टीम ने की।

### कंपनी के उत्पादन पर उठे थे सवाल

आरोप पत्र के अनुसार लड्डू बनाने में इस्तेमाल होने वाले घी में वनस्पति तेलों और डेयरी मानकों की रासायनिक नकल करने के लिए प्रयोगशाला में तैयार किए गए एस्टर की मिलावट पाई गई। इसमें पशु वसा का उपयोग नहीं पाया गया। उत्तराखंड के भगवानपुर स्थित प्रमुख आपूर्तिकर्ता भोले बाबा ऑर्गेनिक डेयरी एक ऐसी उत्पादन इकाई चला रही थी जिसे जांचकर्ताओं ने 'आभासी' उत्पादन इकाई बताया है।

---

झांकियों में महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर और केरल टॉप-3 में रहे शामिल

# नौसेना को मिला सेनाओं के सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते का पुरस्कार

## रक्षा राज्य मंत्री सेठ ने दिल्ली में विजेताओं को किया सम्मानित

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

गणतंत्र दिवस परेड समारोह के दौरान कर्तव्य पथ पर तमाम देशी-विदेशी मेहमानों के सामने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सैन्य मार्चिंग दस्तों और राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों की झांकियों को शुक्रवार को राजधानी स्थित राष्ट्रीय रंगशाला में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

तीनों सशस्त्र सेनाओं में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते के रूप में नौसेना को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया। शीर्ष तीन झांकियों में महाराष्ट्र की गणेशोत्सवः आत्मनिर्भरता का प्रतीक, जम्मू-कश्मीर (जम्मू-कश्मीर के हस्तशिल्प एवं लोक नृत्य) और केरल की (वाटर मेट्रो और 100% डिजिटल साक्षरताः आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर केरल) की झांकी को सम्मानित किया गया।

### मंत्रालयों की झांकी में छाया रहा वंदे मातरम





केंद्रीय मंत्रालय, विभागों की सर्वश्रेष्ठ झांकी के पुरस्कार से रक्षा राज्य मंत्री ने संस्कृति मंत्रालय को नवाजा। जिन्होंने वंदे मातरम की टैगलाइन के साथ बेहद अनोखे अंदाज में तैयार किया था। सीपीडब्ल्यूडी की झांकी वंदे मातरम-150 वर्ष पूरे होने का स्मरणोत्सव और वंदे मातरम-भारत की शाश्वत गूंज नृत्य समूह मुख्य हैं।

### विकसित भारत को लेकर प्रतिबद्ध सरकार

सेठ ने सबसे पहले परेड के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को बधाई दी और कहा कि 26 जनवरी का राष्ट्रीय पर्व प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने को लेकर राष्ट्र के संकल्प की फिर से पुष्टि का प्रतीक है। उन्होंने पीएम की उस अपील को भी अपने संबोधन में दोहराया। जिसमें प्रधानमंत्री ने एनसीसी की रैली में युवाओं से हर सप्ताह कम से कम एक घंटा स्वच्छता अभियान के लिए समर्पित करने और किसी चयन किए हुए स्थान पर उस संबंध में गतिविधि आयोजित करने का आग्रह किया था।

### जनता की लोकप्रिय पसंद

आम-जनता द्वारा अपनी पसंदीदा झांकी और परेड दस्ते के लिए मायगॉव पोर्टल पर आयोजित किए गए ऑनलाइन मतदान के आधार पर तैयार की गई लोकप्रिय पसंद श्रेणी के तहत भी समारोह में रक्षा राज्य मंत्री ने कुछ पुरस्कार वितरित किए। जिसमें तीनों सशस्त्र सेनाओं में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ते के रूप में असम रेजिमेंट, सीएपीएफ व अन्य सहायक बलों में सीआरपीएफ मुख्य है। जबकि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की झांकियों में गुजरात (स्वदेशी मंत्र-आत्मनिर्भरता-स्वतंत्रताः वंदे मातरम), उत्तर-प्रदेश (बुंदेलखंड की संस्कृति) और राजस्थान (मरुस्थल का स्वर्णिम स्पर्शः बीकानेर स्वर्ण कला (उस्ता कला) मुख्य हैं।

# गृह व जलकर वसूली में फर्जीवाड़े पर मेयर सख्त

## बाहरी व्यक्तियों से अवैध वसूली करा रहे कर निरीक्षक, कार्रवाई की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। महापौर सुषमा खर्कवाल ने शुक्रवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार एवं जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह को पत्र के माध्यम से गृहकर एवं जलकर वसूली प्रक्रिया में सामने आ रही गंभीर अनियमितताओं, अवैध वसूली तथा निजी व्यक्तियों की संलिप्तता पर गहरी चिंता व्यक्त की है। महापौर ने पत्र में उल्लेख किया कि गत दिनों सम्पन्न हुई सदन की बैठक में यह विषय प्रमुखता से उठाया गया था कि विभिन्न जोनों में कर निरीक्षक स्वयं फील्ड में न जाकर निजी व्यक्तियों से कार्य करा रहे हैं। इन निजी व्यक्तियों की ओर से भवन स्वामियों से अभद्र व्यवहार करने, अवैध धन उगाही करने तथा भय का माहौल बनाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं।

सदन की बैठक में इस पर स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि प्रत्येक कर निरीक्षक अपने आवंटित वार्डों में नगर निगम का फोटोयुक्त पहचान-पत्र लगाकर स्वयं फील्ड में जाएं और नियमानुसार गृहकर निर्धारण एवं वसूली की प्रक्रिया पूरी करें। पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि गृहकर निर्धारण या वसूली के कार्य के लिए किसी वार्ड में कोई निजी व्यक्ति भेजा जाता है, तो संबंधित कर निरीक्षक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके बावजूद, जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान पुनः इस प्रकार के गंभीर प्रकरण संज्ञान में आए, जिससे यह स्पष्ट होता है कि निदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। महापौर ने अवगत कराया कि शिकायतों के अनुसार कुछ कर निरीक्षक अपने आवंटित वार्डों में भवनों का नियम विरुद्ध अधिक वार्षिक मूल्यांकन कर रहे हैं। इसके पश्चात उस बढ़े हुए मूल्यांकन को कम कराने के नाम पर निजी व्यक्तियों के माध्यम से भवन स्वामियों से अवैध धन की उगाही की जा रही है, जिससे आम नागरिकों को मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से परेशान होना पड़ रहा है। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि प्रशासन की छवि को भी गंभीर नुकसान पहुंचाने वाला कृत्य है। इसी क्रम में एक अन्य गंभीर प्रकरण का भी उल्लेख किया गया, जिसमें जलकल विभाग के एक कर्मचारी की ओर से जलकर का बिल अनावश्यक रूप से बढ़ाकर भेजा गया और उसे कम करने के नाम पर हजारों रुपये की अवैध मांग की गई। इस घटना ने जलकल विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। महापौर सुषमा खर्कवाल ने अपने पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गृहकर एवं जलकर वसूली कार्य में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रत्येक स्थिति में अपने फोटोयुक्त पहचान-पत्र के साथ ही फील्ड में जाएं।

बिना पहचान-पत्र के किसी भी व्यक्ति की ओर से वसूली या निरीक्षण कार्य करना पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि गृहकर या जलकर वसूली से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है, या बिना पहचान-पत्र कोई व्यक्ति कार्य करते हुए पाया जाता है, तो संबंधित जोनल अधिकारी अथवा अभियंता के विरुद्ध भी कार्रवाई के लिए प्रशासन बाध्य होगा।

## एलडीए के लापरवाह चार बाबुओं के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

**लखनऊ।** एलडीए के कार्यों में लापरवाही बरतने, आवंटियों को अनावश्यक कार्यों से दौड़ाने व न्यायालय के कार्यों में दिलचस्पी ने लेने पर चार बाबूओं के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। काफी समय से प्रवर वर्ग सहायक एजाज खान और तीन योजना सहायक अमित कुमार, मोहम्मद शमी और अवधेश कुमार की शिकायतें की जा रहीं थीं। इन पर लोगों को परेशान करने समेत विभागीय कार्यो में रुचि न लेने की शिकायते प्राप्त हो रही थी। जिसके पश्चात सम्पूर्ण मामले की जांच की गयी तो चारों कर्मचारियों को दिए गये कार्यो में जानकीपुरम व जानकीपुरम विस्तार के कार्यों में सबसे अधिक 19 प्रकरण योजना सहायक अवधेश कुमार व 37 प्रकरण अमित कुमार की पास लाम्बित थे। इसके अतिरिक्त सम्पत्तियों के फ्री होल्ड मामले में 102 प्रकरण अवर वर्ग सहायक एजाज खान, 94 प्रकरण अमित कुमार योजना सहायक, प्रत्रावलियों पर आख्या मामले में अवधेश कुमार के पास 20 मामले समेत न्यायालयों में शपथ पत्र दाखिल करने के मामले में मोहम्मद शमी के पास 23, अवधेश कुमार के पास 12 मामले लंबित पड़े थे। जिन पर बार-बार अधिकारियों की ओर से चेतावनी जारी कर कार्य करने के लिए कहा जा रहा था। लेकिन चारों कर्मचारियों की ओर से लगातार अनदेखी की जा रही थी। जिसके पश्चात सम्पूर्ण मामला संज्ञान में आने पर एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने चारों के विरुद्ध कड़ी काररवाई की संस्तुति के लिए अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा को एक सप्ताह में रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है।

# शहीद पथ पर रैंप निर्माण को मिली मंजूरी, 4 करोड़ 64 लाख मिले

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में क्षेत्र को एक और महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना की सौगात मिली है। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के सतत प्रयासों से बिजनौर अंडरपास के पास, शहीद पथ पर चढ़ने के लिए 4 करोड़ 64 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक रैंप निर्माण परियोजना को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा है। इस परियोजना के लिए राज्य सड़क निधि से प्रथम किस्त के रूप में 1 करोड़ 62 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है, जिससे शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए सरोजनीनगर निवासी कर्नल सत्येंद्र सिंह नें भी विधायक डॉ राजेश्वर सिंह से पत्र लिख आग्रह किया था। लखनऊ मंडल के विभिन्न जनपदों में कुल 04 मार्गों के विशेष मरम्मत एवं विकास कार्यों के लिए 7 करोड़ 83 लाख 15 हजार रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी के अंतर्गत 4 करोड़ 64 लाख रुपये की लागत से सरोजनीनगर में बिजनौर अंडरपास के पास शहीद पथ को सीधे जोड़ने वाला अत्याधुनिक रैंप शीघ्र ही निर्मित किया जाएगा। यह निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग, प्रांतीय खंड, लखनऊ की ओर से कराया जाएगा।

रैंप के निर्माण के पश्चात उतरेठिया, रायबरेली रोड, तेलीबाग, बिजनौर एवं आसपास के क्षेत्रों से आने-जाने वाले लाखों नागरिकों को एयरपोर्ट, कानपुर रोड तथा शहर के प्रमुख हिस्सों तक सीधी, तेज और सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध होगी। इससे समय की बचत, ट्रैफिक दबाव में कमी तथा ईंधन की बचत सुनिश्चित होगी। सुगम यातायात, स्मार्ट कनेक्टिविटी और जनसुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना माननीय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का संकल्प है। लंबे समय से चली आ रही क्षेत्रीय मांग का समाधान आज मूर्त रूप ले रहा है।

## राजस्व भवनों के निर्माण कार्य को मिली रफ्तार

**लखनऊ।** राजस्व विभाग की आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान करने के लिए राजस्व विभाग से जुड़े भवनों के निर्माण व मरम्मत का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के विभिन्न मंडलों, जनपदों व तहसीलों में चल रहे कार्यालयी एवं आवासीय भवनों के निर्माण और मरम्मत के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 196.39 करोड़ रुपये की धनराशि निर्गत की गई, जिसके माध्यम से तेज गति से निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। इनके पूरा होने से एक ओर राजस्व विभाग के कार्य सुचारू रूप से चल सकेंगे, साथ ही प्रदेशवासियों को भी राजस्व संबंधी कार्यों के संचालन में सुविधा मिलेगी। राजस्व विभाग के कार्यों का सुचारू रूप से संचालन और विकास कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न जनपदों और तहसीलों में राजस्व भवनों का निर्माण और मरम्मत की जा रही है। इसके तहत सोनभद्र जनपद में ओबरा, गाजियाबाद में लोनी, अमरोहा में अमरोहा व नौगावां सादात तहसील के अलावा जालौन में उरई तहसील के राजस्व भवनों का निर्माण प्रगति पर है। कार्यदायी संस्थाएं इनका निर्माण तेजगति से कर रही हैं।

## वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आदेश


**लखनऊ, विधि संवाददाता।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बख्शी का तालाब के नगवामऊ गांव में 4.597 हेक्टेयर की जमीन पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने से संबंधित प्रस्ताव को रिकॉर्ड पर लाने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। साथ ही लखनऊ विकास प्राधिकरण को भी इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवायी 24 फरवरी को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने उत्कर्ष सेवा संस्थान की ओर से दाखिल वर्ष 2016 की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। शहर के कई इलाकों में पीने के पानी की समस्या पर वर्तमान याचिका दाखिल की गई है। मामले में न्यायालय की सख्ती के बाद बख्शी का तालाब के नगवामऊ गाँव में 4.597 हेक्टेयर की जमीन प्लांट के लिए प्रस्तावित की जा चुकी है। वहीं जल निगम की ओर से कहा गया है कि केन्द्रीय जल आयोग व सिंचाई विभाग को अब आवश्यक तकनीकी चीजें देखनी हैं।

# कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों में अखबार पढ़ना अनिवार्य

## हर केंद्र पर प्रतिदिन कम से कम दो अखबार एक हिंदी व एक अंग्रेजी का उपलब्ध कराना होगा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को केवल कौशल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी नागरिक बनाने की दिशा में लगातार नए नवाचार कर रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) ने एक अभिनव निर्णय लेते हुए प्रदेश के सभी अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण केंद्रों पर दैनिक समाचार-पत्र पठन को अनिवार्य कर दिया है। प्रदेश के 75 जिलों में संचालित 800 से अधिक कौशल प्रशिक्षण केंद्रों पर वर्तमान में एक लाख से अधिक प्रशिक्षणार्थी विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अब ये युवा कौशल विकास के साथ-साथ देश-दुनिया की घटनाओं, समसामयिक विषयों और सामान्य ज्ञान से भी नियमित रूप से जुड़ेंगे।



प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश का युवा केवल तकनीकी रूप से दक्ष ही नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और वैश्विक परिदृश्य की समझ रखने वाला भी बने। इस निर्णय का उद्देश्य प्रशिक्षार्थियों की एम्प्लॉयबिलिटी (रोजगार-क्षमता) बढ़ाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, संवाद कौशल और विश्लेषणात्मक सोच का विकास करना है। नए निदेर्शों के अनुसार स्टेट स्किल डेवलपमेंट फंड, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना और प्रोजेक्ट प्रवीण सहित सभी योजनाओं के अंतर्गत संचालित बैचों में कक्षा की शुरूआत समाचार-पत्र पठन से होगी। इसके लिए प्रशिक्षण प्रदाताओं (टीपी) और प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन एजेंसियों (पीआईए) को अपने-अपने केंद्रों पर प्रतिदिन कम से कम एक हिंदी और एक अंग्रेजी अखबार अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा। मिशन का मानना है कि अखबार पढ़ने से प्रशिक्षार्थियों का सामान्य ज्ञान और करंट अफेयर्स मजबूत होगा, जो सरकारी और निजी क्षेत्र की नौकरियों में चयन के लिए आवश्यक है। संपादकीय और लेखों के अध्ययन से भाषा शैली, शब्दावली और विचार अभिव्यक्ति में सुधार होगा। समाचारों के विश्लेषण से युवाओं में समालोचनात्मक चिंतन विकसित होगा, जिससे वे निर्णय लेने में अधिक सक्षम बनेंगे। वहीं, पहेलियों, सांस्कृतिक लेखों और प्रेरक कथाओं से छात्रों में एकाग्रता, धैर्य और संवेदनशीलता जैसे मानवीय गुण भी विकसित होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। इसकी निगरानी के लिए जिला समन्वयक, एमआईएस मैनेजर, डीपीएम और बीपीएम को निर्देशित किया गया है कि वे अपने मासिक निरीक्षण के दौरान इस गतिविधि की विशेष समीक्षा करें और रिपोर्ट में इसका स्पष्ट उल्लेख करें। उल्लेखनीय है कि इस पहल के लिए कोई अतिरिक्त बजट नहीं दिया जाएगा, बल्कि इसे प्रशिक्षण प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा माना गया है। मिशन निदेशक पुलकित खरे के अनुसार, योगी सरकार के मार्गदर्शन में कौशल विकास को केवल रोजगार तक सीमित नहीं रखा गया है। दैनिक समाचार-पत्र पठन को पाठ्यक्रम में शामिल कर युवाओं में समालोचनात्मक सोच, वैश्विक जागरूकता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे वे डिजिटल युग के जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

# एनयूजे ने गोलेश स्वामी को बनाया उपाध्यक्ष, अशोक बने विधि परामर्शी



**लखनऊ।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स(इंडिया) से संबद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स उत्तर प्रदेश नए साल में संगठन को और अधिक मजबूती देने व विस्तार देने की शृंखला में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है।

गत दिनों संगठन के सिद्धांतों, नेतृत्व या नीतियों के विरुद्ध कार्य करने, अनुशासहीनता के आरोप में प्रमुख पदों पर रहे श्री के बख्श सिंह, श्री संतोष भगवन एवं श्री अनुपम चौहान को संगठन से पूर्णकालिक निष्कासन किया जा चुका है। ऐसे में रिक्त चल रहे अहम पदों पर योग्य सम्मानित सदस्यों का चयन सभी की सहमति से किया जा रहा है। इस क्रम में केंद्रीय नेतृत्व से मिले समर्थन और विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों की सहमति से निर्णय लिया गया कि प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में अपनी लंबी सेवा दे चुके वरिष्ठ पत्रकार गोलेश स्वामी को उपाध्यक्ष पद पर चयनित किया गया है। वहीं प्रदेश संगठन की लखनऊ इकाई के सम्मानित सदस्य रिटायर्ड पीसीएस व साहित्यकार अशोक शुक्ला को प्रदेश संगठन में विधि परामर्शी पद पर नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व महामंत्री पद पर वरिष्ठ पत्रकार दिजेंद्र शर्मा और कोषाध्यक्ष पद पर अरुण अवस्थी को सर्वसम्मति से नियुक्ति किया जा चुका है। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स उत्तर प्रदेश के संरक्षक सुरेंद्र दुबे ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा आपके जुड़ने से संगठन को मजबूती मिली है।

# हरौनी रेलवे स्टेशन अब तक विकास से वंचित, यात्रियों को झेलनी पड़ रही भारी परेशानियाँ

अमन लेखनी समाचार/ शुभम् सिंह चौहान

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में स्थित हरौनी रेलवे स्टेशन आज भी बदहाल स्थिति में है। रेलवे विभाग के लापरवाह और गैर-जिम्मेदार अधिकारियों के चलते स्टेशन पर अब तक कोई ठोस विकास कार्य नहीं हो सका है, जिसका खामियाजा रोजाना सैकड़ों यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। स्टेशन पर एक तरफ प्लेटफॉर्म का अभाव यात्रियों के लिए सबसे बड़ी समस्या बना हुआ है। प्लेटफॉर्म न होने के कारण यात्रियों को ट्रेनों में चढ़ने-उतरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार इस लापरवाही के चलते हादसे भी हो चुके हैं, जिनमें यात्री ट्रेन की चपेट में आकर अपनी जान तक गंवा चुके हैं। हरौनी रेलवे स्टेशन लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर स्थित है, जहाँ से प्रतिदिन हजारों ट्रेनें गुजरती हैं और लाखों यात्री इस मार्ग से यात्रा करते हैं। इसके बावजूद रेलवे प्रशासन न तो स्टेशन की साफ-सफाई पर ध्यान दे रहा है और न ही यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्टेशन परिसर में चारों ओर घनी झाड़ियाँ और ऊँची घास उगी हुई हैं। पीने के पानी की सुविधा भी पूरी तरह से नदारद है। यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर नल तो लगाए गए हैं, लेकिन उनमें लंबे समय से पानी नहीं आ रहा। कई बार शिकायतें दर्ज कराई गईं, इसके बावजूद रेलवे प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। स्थानीय लोगों और यात्रियों का कहना है कि रेलवे अधिकारियों को इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द समाधान करना चाहिए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके और स्टेशन का समुचित विकास हो सके। लखनऊ से कानपुर के बीच यह ऐसा स्टेशन बन गया है, जहाँ न तो विकास कार्य हुए हैं और न ही शिकायतों पर कोई सुनवाई होती है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक कपड़ा व्यवसाई के बेटे ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बिजनौर के कटरा निवासी साहबदीन की बिजनौर बाजार में शेखर वस्त्रालय के नाम से कपड़े की दुकान है। दुकान का संचालन सीसाहबदीन के अलावा उनका बेटा चंद्रभान (34) और शेखर भी करता है। गुरुवार रात अचानक चंद्रभान अपने घर की दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी रत्ना वहाँ पहुंची तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। उसने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उसने



खिड़की से झांक कर देखा तो चंद्रभान कमरे के अंदर पंखे के हुक से मफलर के सहारे लटका नजर आया। इस पर रत्ना चीखने चिल्लाने लगी। उसके चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर घर के अन्य लोग वहां पहुंचे। बाद में परिजनों ने आनन फानन दरवाजा तोड़कर चंद्रभान को नीचे उतारा और कृष्णा नगर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद देर रात परिजनों ने घटना की सूचना पुलिसको दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक और उसकी पत्नी के बीच गुरुवार रात किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद ही वह दूसरी मंजिल पर कमरे में चला गया और आत्महत्या कर ली। फिलहाल इस मामले में परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी रत्ना के अलावा करीब 6 वर्षीय बेटी परी है।

# चलते डंपर में अचानक लगी आग, बना आग का गोला

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक चलते डंपर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए डंपर को सड़क किनारे खड़ा किया और कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह जल चुका था। फतेहपुर जिले के गौसपुर निवासी चालक मान सिंह डंपर में गिट्टी लादकर लखनऊ आया था। गुरुवार रात वह खाली डंपर लेकर कानपुर लौट रहा था। वह बंथरा थाना क्षेत्र में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास एलिवेटेड रोड के पिलर संख्या पी-37 के सामने पहुंचा, तो अचानक डम्पर की स्टेयरिंग के पास से धुआं उठने लगा। जबतक



चालक मानसिंह कुछ समझ पाता, तब तक तेज स्पार्किंग के साथ डंपर में आग लग गई। स्थिति को भांपते हुए मान सिंह ने आनन-फानन डंपर को सड़क के किनारे खड़ा किया और नीचे कूद कर दूर खड़ा हुआ। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे वहां से गुजर रहे राहगीरों में दहशत फैल गई। डंपर में तेज आग लगी देख पास स्थित पेट्रोल पंप के कर्मचारी और तमाम लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से कुछ देर के लिए रोड पर यातायात रोक दिया। इसके बाद दमकल की एक गाड़ी ने पानी डालकर आग को बुझाया। वहीं मौके पर एंबुलेंस भी तैनात रही। इस घटना में डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह जल जाने से डम्पर में काफी नुकसान होना बताया जा रहा है। गनीमत यह कि इस घटना में कोई जनहानि या बड़ा हादसा नहीं हुआ।

# तेलीबाग क्षेत्र में अराजकता का केंद्र बना दादा बिरयानी मोड़, शराब ठेके के पास अवैध दुकानों का जमावड़ा

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र अंतर्गत तेलीबाग पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाला दादा बिरयानी मोड़ इन दिनों अराजकता का केंद्र बना हुआ है। यहां स्थित शराब ठेके के आसपास अवैध दुकानों की भरमार और खुले में शराब पीने वालों की वजह से डिफेंस कॉलोनी वासियों का निकलना दुश्वार हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शाम होते ही नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है, जो खुलेआम शराब पीते हैं और राहगीरों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। मार्ग पर एक ही कट होने के कारण पहले से ही आवागमन में दिक्कत रहती है, ऊपर से अवैध दुकानों व शराब ठेके की वजह से आए दिन जाम और अव्यवस्था बनी रहती है। महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को इस रास्ते से गुजरने में भय का माहौल बना रहता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद न तो अवैध दुकानों पर कार्रवाई हो रही है और न ही खुले में शराब पीने वालों पर कोई रोक लगाई जा रही है।

# 50 वर्षीय अज्ञात महिला का शव रेलवे लाइन पर क्षत विक्षत अवस्था में मिला

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 7 में उतरटिया मानक नगर रेलवे लाइन पर शुक्रवार दोपहर एक अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पीजीआई कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लोगों से पहचान कराने की कोशिश की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी है। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार 30 जनवरी 2026 को समय करीब 12:00 बजे सेक्टर 7 ए, वृंदावन योजना के सामने रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात महिला जिसकी उम्र लगभग 50 वर्ष होगी, ट्रेन दुर्घटना में मृत्यु हो गई। मृतका की शिनाख्त हेतु आसपास के लोगों से पूछताछ की गई किंतु मृत महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। और उसके पास से कोई दस्तावेज या मोबाइल फोन भी बरामद नहीं हुआ है। शव को विधिक कार्रवाई करते हुए मर्चरी भेज दिया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा उपरोक्त मृतक महिला के फोटो की पहचान की जाती है तो तुरंत थाना पीजीआई, चौकी साउथ सिटी मोबाइल नंबर 7839861381 पर सूचित करने का कष्ट करें!

# जिला बदर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर पुलिस ने न्यायालय द्वारा घोषित जिला बदर अपराधी को क्षेत्र में घूमते पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह कार्रवाई गुरुवार रात उप निरीक्षक शिवशरन सिंह के नेतृत्व में चेकिंग अभियान के दौरान की। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के दरोगा खेड़ा निवासी अभिमन्यु राजपूत उर्फ मन्ना लोधी है। सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि आरोपी अभिमन्यु राजपूत को न्यायालय, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था लखनऊ द्वारा वाद संख्या 43 (19) 2025 के तहत उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 3 में 7 सितंबर 2025 से छह माह के लिए लखनऊ जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया था। लेकिन इसके बावजूद वह दरोगा खेड़ा स्थित काशीराम कॉलोनी में मौजूद पाया गया। फिलहाल पुलिस ने आदेश उल्लंघन के आरोप में उसके खिलाफ सरोजनीनगर थाने में उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी अभिमन्यु राजपूत शातिर किस्म का अपराधी है। उसके खिलाफ लूट, महिलाओं से छेड़छाड़, मारपीट, गाली-गलौज और हथियारों के बल पर दहशत फैलाने जैसी कई आपराधिक गतिविधियों के आरोप रहे हैं। इन्हीं मामलों के आधार पर न्यायालय ने उसे जिला बदर किया था। पुलिस ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# लखनऊ एयरपोर्ट से जेद्दा जा रहा सऊदी अरबिया एयरलाइंस का विमान अचानक रास्ते से वापस लौटा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से जेद्दा जा रहा सऊदी अरबिया एयरलाइंस का विमान शुक्रवार दोपहर अचानक रास्ते से वापस लौट आया। विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसको लेकर एयरपोर्ट अधिकारियों में अफरा तफरी मच गई। वहीं जानकारी होने पर विमान में सवार यात्री भी दहशत में आ गए। फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित हैं और विमान में आई खराबी दूर करने के लिए इंजीनियरों की टीम लगा दी गई है। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि लखनऊ एयरपोर्ट से दोपहर 12:05 बजे जेद्दा जाने वाला सऊदी अरबिया एयरलाइंस का विमान (एसवी 891) शुक्रवार को दोपहर करीब 12:25 बजे रवाना हुआ। विमान जेद्दा जा रहा था, तभी रास्ते में केबिन प्रेशर की समस्या आ गई। इसकी जानकारी मिलते ही पायलट ने नजदीकी एयरपोर्ट मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग के लिए एटीसी से संपर्क किया, लेकिन वहां लैंडिंग की अनुमति नहीं मिल सकी। जिसके बाद पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट के एटीसी से संपर्क कर इमरजेंसी लैंडिंग कराने को कहा। बाद में करीब 1:45 बजे विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया गया। विमान में क्रू मेंबर सहित 285 यात्री सवार थे। फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित हैं। वहीं विमान की लखनऊ में लैंडिंग होने के बाद एयरपोर्ट प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन इंजीनियरों की टीम को खराबी दूर करने के लिए लगाया गया। फिलहाल इंजीनियरों की टीम विमान की खराबी दूर करने का प्रयास कर रही है। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि विमान में केबिन प्रेशर आर्टिफिशियल एयर प्रेशर है, जो हवाई जहाज के अंदर बनाए रखा जाता है। इससे जब विमान 30000 से 40000 फिट की ऊंचाई पर होता है, तब भी विमान में सवार लोगों को सांस लेने में कोई दिक्कत नहीं होती है। केबिन प्रेशर उस ऊंचाई में भी 6000 से 8000 फीट की ऊंचाई के बराबर वाला एयर प्रेशर बनाए रखता है। इससे यात्री आसानी से सांस लेते रहते हैं। लेकिन सूत्रों ने बताया कि उक्त विमान में केबिन प्रेशर की समस्या होने के कारण यात्रियों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। इसी वजह से विमान को

## संक्षेप

### युवक के साथ की मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत मैच देख वापस आते समय घात लगा मारपीट करने व पीड़ित के द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के खेसुवा निवासी रामकिशोर पुत्र प्रभुदयाल मैच देखकर वापस आ रहे थे तभी पहले से घात लगा रामजीत पुत्र देशराज, रोहित पुत्र राजू व अनीष पुत्र राजू के साथ अन्य लोगो ने रामकिशोर को जमकर लाठी डंडों से पिता। पीड़ित द्वारा डायल 100 पर फोन किये जाने पर कोई कार्यवाही न होने पर थाना बिहार की शरण ली जिस पर पुलिस ने तहरीर में नामजद के साथ अन्य अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### दो भैंसे वाहन चोर लेकर हुए रफूचक्कर

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। वाहन चोर गिरोह सक्रिय होने से क्षेत्रीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल बनता दिख रहा है बीती रात एक ग्रामीण की कीमती भैंसे वाहन चोर गिरोह के सदस्य ले उड़े पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गोरिया कला निवासी आदित्य पुत्र राजपाल राठौर ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि बीते बुधवार की मध्य रात से गुरुवार की सुबह पहर रात के समय वाहन चोर उसकी दो कीमती भैंसों को वाहन में लादकर ले गए है सुबह वाहन पहियों के निसान देखे गए पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

### समाचार वितरक के आकस्मिक निधन पर शोक की लहर

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। समाचार वितरक के आकस्मिक निधन से नगर में शोक की लहर दौड़ गई दोपहर बाद क्षेत्रीय गंगा तट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। कस्बा गंजमुरादाबाद निवासी 65 वर्षीय शिवशंकर लाल गुप्ता कई प्रमुख अखबारों के समाचार पत्र वितरक के रूप में कार्यरत थे जो लंबे समय से कार्य कर रहे थे बीते कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य मामूली रूप से खराब था जिसका उपचार चल रहा था इसी बीच शुक्रवार की अलसुबह अचानक उनकी हालत बिगड़ गई तथा परिजन कुछ समझ पाते तब तक इनकी मौत हो गई इस दुखद घटना से परिजनों में कोहराम मच गया दोपहर बाद नानामऊ गंगा तट ले जाकर उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया।असमय समाचार पत्र वितरक की मौत से पुत्र मोहित, रोहित सहित परिजनों व तमाम नगर वासियों में शोक की लहर बनी हुई है।

### फांसी लगाकर युवती ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के भगवान खेड़ा डौंडिया खेड़ा में 21 वर्षीय युवती ने कमरे में लगे पंखे में दुपट्टे से लटक का जीवन लीला समाप्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया भगवान खेड़ा निवासी लक्ष्मी नारायण की 21 वर्षीय पुत्री गोल्डी पाल ने शुक्रवार को घर सुना देखकर कमरे में लगे पंखे से लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली मृतक के एक बड़ी विवाहित बहन व तीन भाई है थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम भेजा गया है। परिजनों द्वारा कोई आरोप नहीं लगाया गया है।

# दशम वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय गोसाईखेड़ा में प्राचार्य प्रो0 दीप्ति खरे के मार्गदर्शन में एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 पूनम चौहान के सहयोग से दिनाँक 29-30 जनवरी 2026 को दशम वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन हुआ समारोह का शुभारम्भ दिनाँक 29 जनवरी को प्राचार्य के द्वारा गुब्बारे हवा में छोड़कर किया गयो इसके पश्चात प्रतियोगिता में सम्मिलित छात्र/ छात्राओं को समस्त नियमों का शालीनता के साथ पालन करने एवं महाविद्यालय की गरिमा को बनाये रखने की शपथ दिलाई गयी समारोह के अगले चरण में पूर्व चैंपियन छात्र प्रियांशु (बी0ए0 तृतीय वर्ष) एवं छात्रा प्रियांशी (बी0ए0 द्वितीय वर्ष) द्वारा मशाल दौड़ के माध्यम से प्रतियोगिता प्रारम्भ की गयी क्रीड़ा के प्रथम चरण में छात्र/ छात्राओं का कैरम, शतरंज, बैडमिंटन, भाला फेंक, चक्का फेंक और गोला फेंक की प्रतियोगिता आयोजित की गईं जिसमें छात्र वर्ग में कैरम में अंश प्रथम, प्रियांशु द्वितीय, गोपाल शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे, बैडमिन्टन में प्रियांशु प्रथम, आकार त्रिपाठी द्वितीय व गोपाल शुक्ल तृतीय, चक्का फेंक में प्रियांशु प्रथम, विपिन कुमार द्वितीय व गोपाल शुक्ला तृतीय स्थान, भाला फेंक में प्रियांशु प्रथम, शशिकांत द्वितीय व आकार त्रिपाठी तृतीय स्थान तथा गोला फेंक में विपिन कुमार ने प्रथम स्थान, प्रियांशु ने द्वितीय स्थान व गोपाल शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त कियो छात्रा वर्ग में कैरम में अदिति यादव प्रथम, आरती द्वितीय, अंशिका तृतीय स्थान पर रहे, बैडमिन्टन में नेहा प्रथम, खुशी गौतम द्वितीय व चैताली तृतीय, चक्का फेंक में अंकिता प्रथम, हिमांशी द्वितीय व प्रियांशी तृतीय स्थान तथा भाला फेंक में तान्या ने प्रथम स्थान, हिमांशी ने द्वितीय स्थान व प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त कियो

द्वितीय दिवस दिनांक 30 जनवरी 2026 को 100 मीटर दौड़, ऊँची कूद एवं लम्बी कूद की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। निर्णायक मंडल द्वारा दिए गए निर्णय के आधार पर छात्रों में 100 मीटर दौड़ में अमित कुमार प्रथम, आकार त्रिपाठी द्वितीय, अंश तृतीय तथा एवं छात्रा में प्रियांशी प्रथम स्थान पर, राखी द्वितीय व अंशिका यादव तृतीय स्थान पर रहीं अन्य प्रतियोगिताओं के अंतर्गत ऊँची कूद में छात्र वर्ग में में प्रियांशु प्रथम, विपिन कुमार द्वितीय, गोपाल शुक्ला तृतीय स्थान तथा छात्रा वर्ग में प्रियांशी प्रथम स्थान, खुशी गौतम द्वितीय व अंकिता और हिमांशी दोनों ने तृतीय स्थान प्राप्त कियो लम्बी कूद प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में प्रियांशु प्रथम, आकार त्रिपाठी द्वितीय व गोपाल शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे तथा छात्रा वर्ग में अंकिता प्रथम, प्रियांशी द्वितीय व दीपांशी तृतीय स्थान पर रहीं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के छात्र/ छात्राओं को स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कांस्य पदक के साथ सर्टिफिकेट प्रदान किया गयो छात्रा चैंपियन ट्राफी प्रियांशी (बी0ए0 द्वितीय वर्ष) तथा छात्र चैंपियन प्रियांशु (बी0ए0 तृतीय वर्ष) को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सुनीता रावत ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन में डॉ0 पूनम चौहान ने समस्त प्राध्यापकों को, क्रीड़ा समिति के सदस्यों डॉ0 सोहन कुमार यादव, गुरु प्रसाद राठौर, डॉ0 दीक्षा शर्मा एवं डॉ0 प्रशान्त सिंह को क्रीड़ा को सकुशल संपन्न कराने के लिये धन्यवाद दिया एवं प्राचार्य प्रो0 दीप्ति खरे को अपना सहयोग प्रदान करने के लिये धन्यवाद अर्पित किया। इस समारोह में प्रो0 रश्मि श्रीवास्तव, प्रो0 आर0पी0 वर्मा, डॉ0 ज्योति बाजपेई एवं कार्यालय से विवेक कुमार तिवारी, समीर कुमार यादव व राजेश कुमार उपस्थित रहे तथा सहयोग के रूप में श्री महेश प्रसाद एवं श्री विपिन कुमार भी उपस्थित रहे

# बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाना बन रहा है जानलेवा

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। सड़कों पर बढ़ती रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी आज एक गंभीर समस्या बन चुकी है। हाल ही में जारी यातायात रिपोर्टों के अनुसार, दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का सबसे बड़ा कारण 'हेलमेट न पहनना' पाया गया है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, लगभग 70% जानलेवा सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित ने या तो हेलमेट नहीं पहना था या वह मानक स्तर (ISI) का नहीं था।

यातायात विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक साल में बिना हेलमेट वाहन चलाने के कारण होने वाली मृत्यु दर में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अस्पताल के ट्रॉमा सेंटरों में भर्ती होने वाले अधिकांश युवाओं के सिर में गंभीर चोटें (Head Injuries)) पाई गई हैं, जो सीधे तौर पर हेलमेट की अनुपस्थिति का परिणाम है। ?चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि दोपहिया वाहन से गिरने पर सबसे पहले सिर जमीन से टकराता है। एक अच्छी गुणवत्ता वाला हेलमेट जिससे सर और मस्तिष्क सुरक्षित रहता है।

हेलमेट का वाइजर धूल, हवा और कीड़ों से आंखों को बचाता है, जिससे ध्यान नहीं भटकता। सिर की हड्डी (Skull) टूटने और इंटरनल ब्लीडिंग के खतरे को 80% तक कम कर देता है। ?पुलिस विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ₹लोग अक्सर पास की दुकान पर जाने या गलियों में वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं पहनते। वे इसे एक 'बोझ' या 'चालान से बचने का जरिया' समझते हैं, जबकि यह उनकी अपनी जान की सुरक्षा के लिए है। ?बढ़ते हादसों को देखते हुए प्रशासन ने अब नियमों को और सख्त कर दिया है। बिना हेलमेट पकड़े जाने पर 1000 रुपये तक का जुमार्ना और लाइसेंस रद्द करने का प्रावधान। स्कूलों और कॉलेजों में 'हेलमेट जागरूकता' सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। अब केवल पुलिस की मौजूदगी ही नहीं, बल्कि कैमरों की मदद से भी ई-चालान काटे जा रहे हैं।

?सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ₹सुरक्षा घर से शुरू होती है।₹ माता-पिता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके बच्चे बिना हेलमेट के घर से बाहर न निकलें। याद रखें, आपका इंतजार घर पर कोई कर रहा है। ?सावधान रहें, सुरक्षित रहें और हमेशा हेलमेट पहने। हेलमेट चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी जान बचाने के लिए पहनें। एक छोटा सा फैसला आपके परिवार की खुशियां सुरक्षित रख सकता है।

# एक तरफा प्यार में युवक ने युवती व उसके पिता पर किया जान लेवा हमला

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिले के मौरावां थाना क्षेत्र के बछौरा गांव में एक महिला पर हमला किया गया है। 27 वर्षीय सीमा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पति से अनबन के कारण वह अपने मायके बछौरा में पिता के साथ रहती है। सीमा के अनुसार, उनके जीजा गोविंद का दोस्त रामकरन पासी (पुत्र स्वर्गीय जगतपाल, निवासी खटोला, थाना बंथरा, कमिश्नरेट लखनऊ) उनसे एकतरफा प्यार करता है। रामकरन लगातार सीमा पर अपने साथ चलने का दबाव बना रहा था, लेकिन सीमा इसके लिए तैयार नहीं थी। 27 जनवरी 2026 की रात करीब 11 बजे रामकरन अपने एक साथी के साथ चार पहिया वाहन से सीमा के घर पहुंचा। उसने सीमा को अपने साथ ले जाने की जिद की। जब सीमा और उनके पिता ने मना किया, तो रामकरन ने सीमा के दाहिने गाल पर लोहे की वस्तु से हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। उसने सीमा के पिता को भी मुंह और हाथों पर मारा।सीमा के चिल्लाने पर गांव वाले इकट्ठा होने लगे। यह देखकर रामकरन और उसका साथी गाली-गलौज करते हुए और जान से मारने की धमकी देकर गाड़ी में बैठकर फरार हो गए। मौरावां थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर धारा 115(2), 352 और 351 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच सी. धीरेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

# अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के मकबूल खेडा गांव के पास मियागंज संडीला मार्ग पर सडक किनारे लोक निर्माण विभाग की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर दो लोगों द्वारा भवन निर्माण करा दिया गया जिसका वाद गांव निवासी द्वारा न्यायालय में दायर किया गया न्यायालय के आदेश पर अवैध रूप से कब्जा धारकों को नोटिस जारी किया गया लेकिन समय सीमा के बाद भी कब्जा नही हटाया गया जिस पर शुक्रवार नायब तहसीलदार हसनगंज लेखपाल आसीवन पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीन लगा कर अवैध रूप से कराए गए निर्माण को ढहा दिया गया।

मकबूल खेडा गांव निवासी अवधेश कुमार की पुश्तैनी भूमि मियागंज संडीला मार्ग के किनारे स्थित है और उक्त भूमि के आगे गाटा संख्या 546 रकबा.0935 लोक निर्माण विभाग की भूमि है जिस पर गांव निवासी बुद्धी लाल यादव पूर्व प्रधान व जगदीश सिंह द्वारा लोक निर्माण विभाग की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर भवन निर्माण करा दिया गया था वादी अवधेश कुमार का खेत पीछे स्थिति है आगे सरकारी भूमि पर कब्जा हो जाने से खेत आने जाने में परेशानी हो रही थी जिस पर वादी ने निकलने के रास्ता देने के लिए कहा जिस पर उक्त कब्जाधारी तैयार नहीं हुए तो न्यायालय में मुकद्दमा डाल दिया कोर्ट द्वारा अवैध कब्जा हटाने का निर्देश दिया गया जिसके बाद न्यायालय तहसील न्यायिक द्वारा 17/12/2022 को दोनों अवैध कब्जाधारकों को बेदखली आदेश पारित किया गया लेकिन अवैध कब्जा नही हटाया गया तो शुक्रवार नायब तहसीलदार हसनगंज दीपक गौतम लेखपाल सुधीर कुमार त्रिपाठी आसीवन थाना प्रभारी प्रदीप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीन से अवैध कब्जा हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी इस सम्बंध में नायब तहसीलदार दीपक गौतम ने बताया कि मकानों का आगे का हिस्सा ध्वस्त कर दिया गया है अंदर सामान रखने की बात कही है कि कल खुद तोड़ लेंगे अन्यथा की स्थिति में दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# ग्राम चौपाल का आयोजन क्षेत्रीय विधायक हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड मियागंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत पनापुर कला में शुक्रवार ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बम्बालाल दिवाकर उपस्थित रहे ग्रामीणों द्वारा प्रमुख रूप से राशन विक्रेता द्वारा घटतौली व समय से राशन न बांटने की शिकायत की ग्रामीण कमलेश कुमार ने बताया कि कोटेदार द्वारा पैंतीस किलो में पांच किलो राशन कम दिया जाता है इस पर विधायक ने जांच करा कर कार्यवाही का आश्वासन दिया इसी क्रम में महिपाल व ग्रामीणों द्वारा बाल पुष्टाहार वितरण की शिकायत की गयी वहीं पनापुर कला गांव निवासी प्रेम चंद ने शादी अनुदान में समाज कल्याण विभाग में कार्यरत प्राइवेट युवक द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत की गयी वहीं सुशीला पत्नी श्यामलाल द्वारा पेंशन न मिलने की शिकायत की गयी जिसमें सभी शिकायतों की जांच करा कर निस्तारण कराने व संबंधित कर्मचारियों को दंडित कराने का आश्वासन विधायक द्वारा दिया गया इस अवसर




पर बीडीओ दीप शिखा वर्मा एडीओ प्रवीर दुबे प्रधान गुडडू राठौर, सचिव, वेद वर्मा, सुमित मिश्रा सचिन थारु, प्रखर बाजपेई अनूप सिंह, नीरज, अभिषेक वर्मा, सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान व ब्लाक कर्मचारी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# घरेलू कलह के चलते महिला ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मद्दूखेड़ा गांव में बीती रात घरेलू कलह के चलते घर से निकली महिला का सुबह गांव से पांच सौ मीटर दूर आम के बाग में पेड़ से शव लटकता मिला।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के मद्दूखेड़ा गांव निवासी रामरतन की पत्नी कलावती (55) सफीपुर कस्बे में साफ सफाई का काम कर घर का खर्च चलाती थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक पति पत्नी में अक्सर विवाद होता था। बृहस्पतिवार रात रामरतन जब घर पहुचा तो फिर आपस में कहा सुनी होने लगी। थोड़ी देर बाद शौच जाने को कहकर कलावती घर से गई।पर काफी देर बाद भी जब वह वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन सफलता नहीं मिली।सुबह जब ग्रामीण खेत बाग जा रहे थे तभी गांव से पांच सौ मीटर दूर प्रमोद के बाग में आम के पेड़ से रस्सी के सहारे कलावती का शव लटकता देख अवाक रह गए।जानकारी होते ही परिजन भी मौके पर जा पहुंचे।पति रामरतन ने बताया कि छोटी छोटी बातों को लेकर कहासुनी हुई थी लेकिन वह ऐसा कदम उठा लेगी इसकी उसने कल्पना भी नहीं की थी। कलावती के पहले पति मुन्नी लाल का देहांत हो जाने के बाद 18 वर्ष पूर्व दूसरा विवाह हुआ था पहले पति से चार बच्चों में सूरज, शेखर, करन व बेटी सुमन है। कलावती की मौत से मृतका के भाई सुंदर सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेजा गया है, परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नही लगाया है।पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# लड़की को भगाकर ले जाने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अन्तर्गत लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।थाना क्षेत्र के एक गाँव से पीड़ित माँ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 18 नवंबर 25 को मेरी पुत्री को उस समय बहला फुसलाकर कर भगा ले जाया गया जिस समय वह मंदिर दर्शन हेतु गयी थी। माँ की तहरीर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच दौरान ग्राम जोगापुर मजरा बरिगाँव थाना खीरो

निवासी विमल कुमार पुत्र स्व० रामस्वरूप का नाम प्रकाश में आया था जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# सनातन धर्म का दंभ भरने वाली हिंदूवादी सरकार के रहते मंदिरों को बनाया जा रहा है कूड़ा घर

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। बीघापुर क्षेत्र में बने प्राचीन मंदिरों की हो रही दुर्दशा जिस पर ना कोई हिंदूवादी संगठन ध्यान दे रहा ना कोई जनप्रतिनिधि बीघापुर तहसील मुख्यालय से लगभग 500 मीटर की दूरी पर पाटन गांव के अंदर पुरानी बाजार के पास बना प्राचीन शिव मंदिर कूड़ा घर बन चुका है जहां सैकड़ो शिव भक्त पूजा अर्चना करने आते हैं जिसमें शिवरात्रि को भंडारे का आयोजन भी किया जाता जन्माष्टमी को भजन कीर्तन आदि कार्यक्रम भी होते है आज वही मंदिर अपनी दशा पर रोता हुआ नजर आ रहा है जहां एक तरफ वर्तमान सरकार मंदिरों को लेकर विशेष सक्रियता दिखाती हुई नजर आती है जहां आस्था और मंदिरों को लेकर चुनाव जीते जाते हैं वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों की ऐसी दुर्दशा देख लोगों की आस्था आहत हो रही ये हिंदूवादी सरकार के लिए लज्जा जनक बात साबित हो रही है यह एक विकसित भारत की अद्भुत तस्वीर लोगों के सामने उभर कर आ रही है।

# रजबहा की खांदी फटी किसानों की फसलें हुई जलमग्न

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र मे न्योतनी रजबहा की खांदी चार दिन से समदपुर गांव के पास फटी पडी है कटान की तेज धारा से किसान वीरेंद्र की यूके लिप्टस के एक बीघा पौधे बह गये व दर्जनो किसानों की फसले जलमग्न हो गई है गांव वालो ने विभाग से लेकर तहसील प्रशासन को भी सूचित किया फिर भी खांदी का पानी नही बंद हुआ गांव के प्रधान दिलीप कुमार पटेल ने सोशल मीडिया पलेट फार्म का सहारा लिया लेकिन रजबहा की खांदी मौके पर बांधने विभाग के कर्मचारी नही गये न ही रजबहा का पानी बंद किया ग्रामीणों का कहना है कि विभाग खांदी बांधने से गुरेज क्यों कर रहा जबकि सफाई मे आठ लाख खर्च हुए है जबकि सरकार की मंशा है कि किसानो की फसलो को बगैर नुकसान पहुंचाये नहरो की सिंचाई हरहाल मे सुनिचित हो हेड से लेकर टेल तक नहरो मे अवैध कट न हो फसलो की सिंचाई कुलाबा से ही सुनिश्चित करे नहरो की सफाई मे तहसील प्रशासन ने कोई धयान नही दिया जिससे जमकर ठेकेदारों ने मनमानी कर सफाई का कोरम पूरा कर निकल गये अब पेमेंट कराने के लिए तहसील के चक्कर लगा रहे लेकिन नहरो की खांदी आये दिन कट रही है किसानों को सीधे नुकसान हो रहा है हसनगंज क्षेत्र मे न्योतनी रजबहा की खांदी एक सप्ताह पहले समदपुर गांव के पास कट गई थी विभाग ने खाना पूर्ति के लिए मिट्टी डलवा दिया चार दिन से लगातार खांदी फटी पडी है मौके जिम्मेदार देखने तक नही गये।

# नगर पंचायत में 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर चलाए जा रहे 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान' के अंतर्गत आज नगर पंचायत कार्यालय गंज मुरादाबाद में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज से कुष्ठ रोग के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करना और लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम की शुरूआत में नगर पंचायत के कर्मचारियों ने कुष्ठ रोग मुक्त भारत बनाने की शपथ ली। उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे कुष्ठ रोगियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करेंगे और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में




मदद करेंगे। इसके साथ ही जानकारी दी गयी कि यदि शरीर पर किसी भी प्रकार का दाग या धब्बा हो जिसमें सुन्नपन (संवेदना की कमी) महसूस हो, तो वह कुष्ठ रोग का लक्षण हो सकता है। समय पर जांच और इलाज से यह पूरी तरह ठीक हो जाता है। कार्यक्रम में बताया गया कि सभी सरकारी अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुष्ठ रोग की जांच और 'एमडीटी' (टऊळ) दवा निःशुल्क उपलब्ध है। ?इस अवसर पर नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी और नगर के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# महर्षि वाल्मीकि वैदिक ब्राह्मण परिषद ने यूजीसी का समर्थन किया

## कानून को सभी वर्गों के हित में बताया, रोक न लगाने की अपील

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, महर्षि वाल्मीकि वैदिक ब्राह्मण परिषद ने यूजीसी कानून का समर्थन किया है। परिषद के पदाधिकारियों ने खिरनीबाग रामलीला मैदान में प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने इस कानून को सभी वर्गों के हित में बताया और इसे लागू करने की मांग की।प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास वाल्मीकि के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने यह ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि यूजीसी कानून सभी वर्गों के हित में है। परिषद के अनुसार, यह कानून समानता, न्याय, गुणवत्ता और अवसरों की समान उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो राष्ट्र के शैक्षिक ढांचे को मजबूत करता है। परिषद ने बताया कि इस अधिनियम का संवैधानिक उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वंचित तथा कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों के लिए भेदभाव मुक्त, सुरक्षित और समावेशी शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने संविधान और न्यायपालिका की गरिमा में पूर्ण आस्था व्यक्त करते हुए अपील की है कि इस कानून पर कोई अंतरिम या स्थायी रोक न लगाई जाए। परिषद का मानना है कि ऐसी किसी भी रोक से विशेष रूप से एससी, एसटी और




ओबीसी सहित सामाजिक व आर्थिक रूप से कमजोर पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों के शैक्षणिक अधिकारों और अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जो संविधान की समानता और सामाजिक न्याय की भावना के विरुद्ध होगा।

## सम्पादकीय

# वैश्विक व्यापार राजनीति में भारत की बड़ी आर्थिक जीत

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का संपन्न होना भारत की आर्थिक कूटनीति की बड़ी सफलता है। यह समझौता करीब 18 वर्षों की लंबी, जटिल और कई बार की ठहरी हुई बातचीत के बाद हुआ है। यह केवल आयात-निर्यात बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एक भरोसेमंद, दीर्घकालिक साझेदार के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। यह समझौता ऐसे समय में सामने आया है, जब वैश्विक व्यापार व्यवस्था अस्थिरता, टैरिफ युद्ध और संरक्षणवादी नीतियों से जूझ रही है। अमेरिका सहित कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा लगाए जा रहे शुल्कों के बीच भारत और ईयू का यह करार खुले, नियम-आधारित और भरोसेमंद वैश्विक व्यापार का मजबूत संदेश देता है। भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जबकि यूरोपीय संघ दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है। दोनों मिलकर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 25 प्रतिशत, विश्व व्यापार का एक-तिहाई और दुनिया की करीब 30 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे में यह एफटीए स्वाभाविक रूप से दुनिया के सबसे बड़े द्विपक्षीय व्यापार समझौतों में गिना जा रहा है। इससे भारत के श्रम-प्रधान और निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों को सबसे अधिक लाभ मिलने की संभावना है। कपड़ा, चमड़ा, जूते, ज्वेलरी, ऑटो पार्ट्स और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों पर यूरोपीय संघ में लगने वाली ड्यूटी कम या समाप्त होने से भारतीय उत्पाद यूरोपीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे। इससे भारत का निर्यात बढ़ेगा, औद्योगिक उत्पादन को गति मिलेगी और देश में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। साथ ही, आईटी और सेवा क्षेत्र को भी यूरोप में बेहतर बाजार पहुंच मिलने से भारत की सेवा अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। इससे 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत 2047' जैसे दीर्घकालिक लक्ष्यों को ठोस आधार मिलेगा और भारत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एक भरोसेमंद केंद्र के रूप में उभरेगा। इसका गहरा रणनीतिक और भू-राजनीतिक महत्व भी है। यूरोपीय संघ को भारत जैसा विशाल, युवा और तेजी से बढ़ता बाजार चाहिए, वहीं भारत को एक नियम-आधारित, तकनीकी रूप से उन्नत और राजनीतिक रूप से स्थिर साझेदार की आवश्यकता है। भारत ने डेयरी, अनाज, कृषि, फार्मिंग और पोल्ट्री जैसे क्षेत्रों को इससे बाहर रखकर अपने किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों की रक्षा भी की है। वहीं, ईयू की लग्जरी कारों पर टैरिफ 110 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत और प्रीमियम शराब पर 150 प्रतिशत से 20 प्रतिशत होना भारतीय उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आएगा, हालांकि इससे घरेलू उद्योगों पर प्रतिस्पर्धात्मक दबाव बढ़ेगा। इस एफटीए के 2027 में लागू होने की संभावना है, लेकिन असली चुनौती इसके प्रभावी और संतुलित क्रियान्वयन की होगी। गैर-शुल्क बाधाएं, यूरोपीय मानकों की कठोरता और छोटे व मध्यम उद्योगों की सीमित क्षमता जैसी चुनौतियां सामने आ सकती हैं। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस समझौते का लाभ केवल बड़ी कंपनियों तक सीमित न रहे, बल्कि एमएसएमई, स्टार्टअप्स और श्रमिक वर्ग भी इससे समान रूप से लाभान्वित हों। यदि इसे दूरदर्शिता, संतुलन और समावेशी नीतियों के साथ लागू किया गया, तो यह निस्संदेह भारत की विकास यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा।



भारत-ईयू एफटीए

विवेक शुक्ला

> भारत और यूरोपीय संघ के बीच यह समझौता केवल एक व्यापारिक करार नहीं है, बल्कि वैश्विक आर्थिक और कूटनीतिक क्षेत्र में एक मील का पत्थर है, जिसे कई बार रोक-टोक और बहस के बाद आज निर्णायक रूप से अंतिम रूप दिया गया है। आने वाले वर्षों में यह समझौता भारत और यूरोपीय देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। यदि इसे संतुलित और दूरदर्शी तरीके से लागू किया गया, तो यह न केवल दोनों पक्षों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी एक सकारात्मक मॉडल प्रस्तुत करेगा। शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान–प्रदान के क्षेत्र में भी इसके सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

# वैश्विक चुनौतियों से निपटने की कवायद

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मंगलवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता हुआ है, जिसे दोनों पक्षों ने 'मदर ऑफ ऑल डील्स' (सबसे बड़ी डील) के रूप में वर्णित किया है। यह समझौता लगभग 18 वर्षों से चली आ रही बातचीत का परिणाम है और इसे दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार, निवेश, रणनीतिक सहयोग और वैश्विक अर्थव्यवस्था में गहरे बदलाव लाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच यह समझौता केवल एक व्यापारिक करार नहीं है, बल्कि वैश्विक आर्थिक और कूटनीतिक क्षेत्र में एक मील का पत्थर है, जिसे कई बार रोक-टोक और बहस के बाद आज निर्णायक रूप से अंतिम रूप दिया गया है। इसे वैश्विक चुनौतियों से निपटने की कवायद कहना अधिक तर्कसंगत होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारत के इतिहास का सबसे बड़ा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट बताया है, जो आर्थिक समृद्धि, निवेश और साझेदारी की नई दिशा देगा। इस समझौते के तहत दोनों पक्षों ने ज्यादातर वस्तुओं पर शुल्कों को कम या समाप्त करने का निर्णय लिया है, लगभग 96.6% उत्पादों पर शुल्क समाप्त या कम किया जाएगा। भारतीय बाजार में यूरोपीय कारों पर शुल्क 110% से घटाकर 10% तक लाया जाएगा।

शराब पर शुल्क में भारी कटौती होगी, जिससे ये वस्तुएं भारत में सस्ती होंगी। भारत को अपनी टेक्सटाइल, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, रसायन और इंजीनियरिंग सामान को यूरोपीय बाजार में अधिक आसानी से निर्यात करने का मौका मिलेगा। इस समझौते में केवल व्यापारिक पहलू ही नहीं, बल्कि रणनीतिक और सुरक्षा साझेदारी को भी स्थान दिया गया है, जिसमें समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और रक्षा तकनीक सहयोग शामिल हैं। इससे यूरोपीय कंपनियों को भारत जैसे बड़े और तेजी से बढ़ते हुए बाजार में प्रत्यक्ष और आसान पहुंच। वाहन, मशीनरी, वाइन और मोटर गाड़ियों जैसे उत्पादों को भारतीय बाजार में विस्तृत अवसर मिलेगा। यूरोप को वैश्विक व्यापार में भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी का लाभ। यह समझौता वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लाएगा, खासकर तब, जब अमेरिका और चीन जैसे बड़े आर्थिक संरचनाएं भी वैश्विक व्यापार नियमों और साझेदारियों में बदलाव ला रहे हैं। विशेष रूप से, अमेरिका द्वारा टैरिफ में वृद्धि और व्यापारिक दबाव के बीच, यह भारत और यूरोप के लिए एक विकल्प और समाधान के रूप में उभर रहा है। इससे विश्वव्यापी व्यापारिक जोखिमों से निपटने में मदद मिलेगी। यद्यपि समझौता आज घोषित हुआ है, इसे लागू होने के लिए अभी कुछ क़ानूनी प्रक्रियाएं और संसद/सम्मेलन की मंजूरी लेनी होगी। कुछ संवेदनशील क्षेत्रों, जैसे कृषि, पर अभी भी बहस जारी रहने की संभावनाएं हैं। विभिन्न उद्योगों को अनुकूल बनाने के लिए समय और नीतिगत समर्थन की आवश्यकता होगी। यह समझौता केवल व्यापार समझौता नहीं, बल्कि भारत और यूरोपीय देशों के बीच गहरे, रणनीतिक, आर्थिक और साझेदारी के नए अध्याय का उद्घाटन है। यह न केवल दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए, बल्कि वैश्विक आर्थिक स्थिरता, निवेश, तकनीकी सहयोग और बहुपक्षीय व्यापार ढांचे को भी मजबूती देगा। भविष्य में, इसके लाभ भारतीय उद्योगों, उपभोक्ताओं और निवेशकों को मिलने की उम्मीद है, जिससे भारत को वैश्विक व्यापार का एक मजबूत



नेतृत्वकर्ता देश बनने का अवसर मिलेगा। यह समझौता केवल व्यापारिक सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक, रणनीतिक, तकनीकी और वैश्विक साझेदारी के नए आयामों को भी परिभाषित करता है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, जब विश्व अर्थव्यवस्था अनेक चुनौतियों से गुजर रही है, भारत-यूरोप समझौता स्थिरता, विकास और सहयोग का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। भारत और यूरोपीय देशों के बीच सहयोग का इतिहास कई दशकों पुराना है। यूरोपीय संघ भारत का एक प्रमुख व्यापारिक और निवेश साझेदार रहा है। हालांकि, व्यापक स्तर पर एक औपचारिक और संतुलित समझौते को अंतिम रूप देने में काफी समय लगा। इसके पीछे दोनों पक्षों के अपने-अपने आर्थिक हित, नीतिगत प्राथमिकताएं और संवेदनशील क्षेत्र रहे हैं। यह समझौता लंबी बातचीत, आपसी विश्वास और बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप सोच का परिणाम है। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य भारत और यूरोपीय देशों के बीच व्यापार को सरल, पारदर्शी और अधिक लाभकारी बनाना है। इसके अंतर्गत वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार को बढ़ावा देना, निवेश को प्रोत्साहित करना, तकनीकी सहयोग को सशक्त बनाना और रोजगार के नए अवसर सृजित करना शामिल है। साथ ही, यह समझौता दोनों क्षेत्रों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक-दूसरे का भरोसेमंद भागीदार बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। समझौते के अंतर्गत दोनों पक्षों ने कई उत्पादों पर आयात-निर्यात शुल्क कम करने या समाप्त करने पर सहमति व्यक्त की है। इससे भारतीय उत्पादों को यूरोपीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर पहुंचने का अवसर मिलेगा। विशेष रूप से वस्त्र, परिधान, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, कृषि-आधारित उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स और इंजीनियरिंग सामान को इसका लाभ मिलने की संभावना है। दूसरी ओर, यूरोपीय देशों के उच्च गुणवत्ता वाले औद्योगिक उत्पाद, मशीनरी, ऑटोमोबाइल, तकनीकी उपकरण और पर्यावरण अनुकूल वस्तुएं भारतीय बाजार में अधिक सहजता से उपलब्ध होंगी। यह समझौता केवल वस्तुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवाक्षेत्र को भी समान महत्व देता है। सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाएं, अनुसंधान, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेशेवर सेवाओं में सहयोग को प्रोत्साहन मिलेगा। भारतीय आईटी और सेवा कंपनियों को यूरोप में नए अवसर प्राप्त होंगे, जबकि यूरोपीय निवेशकों को भारत के तेजी से बढ़ते सेवा क्षेत्र में निवेश का आकर्षक वातावरण मिलेगा। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए नियमों को सरल और स्पष्ट बनाने पर भी बल दिया गया है। इस समझौते से भारतीय अर्थव्यवस्था को कई स्तरों पर लाभ होने की उम्मीद है।

सबसे पहले, निर्यात में वृद्धि से विदेशी मुद्रा आय बढ़ेगी। दूसरा, घरेलू उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में सुधार होगा। तीसरा, नए निवेश और परियोजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, जो भारत जैसे युवा आबादी वाले देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि यह समझौता अनेक अवसर लेकर आया है, लेकिन इसके साथ कुछ चुनौतियां भी जुड़ी हैं। घरेलू उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना एक बड़ी चुनौती होगी। कुछ क्षेत्रों में छोटे और मध्यम उद्यमों को प्रारंभिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है। आने वाले वर्षों में यह समझौता भारत और यूरोपीय देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। यदि इसे संतुलित और दूरदर्शी तरीके से लागू किया गया, तो यह न केवल दोनों पक्षों के लिए लाभकारी होगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी एक सकारात्मक मॉडल प्रस्तुत करेगा। शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और सांस्कृतिक आदान–प्रदान के क्षेत्र में भी इसके सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

## यूजीसी बिल

डॉ. घनश्याम बादल



# सामाजिक न्याय या संवैधानिक असंतुलन

हाल में लागू किए गए यूजीसी के नए इक्विटी और शिकायत निवारण संबंधी प्रावधानों ने विश्वविद्यालय परिसरों से निकलकर सड़कों, दफ्तरों और सामाजिक चेतना तक को झकझोर दिया है। एक ओर दलित और पिछड़े वर्ग इन नियमों को लंबे समय से चली आ रही संस्थागत उपेक्षा के विरुद्ध सुरक्षा-कवच मान रहे हैं, तो दूसरी ओर सवर्ण समाज का एक बड़ा हिस्सा इन्हें समानता के सिद्धांत के विरुद्ध और "उल्टे भेदभाव" की ओर ले जाने वाला मान रहा है। इस टकराव ने तब और तीखा रूप ले लिया, जब वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री द्वारा सार्वजनिक असहमति और इस्तीफे और बाद में शासन द्वारा उन्हें निलंबित करके उनकी आवाज को दबाने के प्रयास ने इसे राष्ट्रीय बहस का रूप दे दिया। हालांकि, यहां यह भी उल्लेखनीय है कि क्या एक सरकार के अधीन कार्य कर रहे उच्च अधिकारी को सरकार की नीतियों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयान देना चाहिए? नियम अनुसार तो यह सरकारी कर्मचारियों के कोड ऑफ कंडक्ट के विरुद्ध ही जाता है और उन्हें निलंबित करने के पीछे सरकार की मंशा भी साफ है कि वह ऐसी हर आवाज को दबा देना चाहती है जो उसके अपने ही अधिकारी द्वारा उठाई जाए। यह विवाद केवल यूजीसी के किसी एक नियम का नहीं है, बल्कि उस संवैधानिक संतुलन का है, जिस पर भारत की सामाजिक संरचना टिकी हुई है। आंकड़े बताते हैं कि उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव, बहिष्कार, सूक्ष्म अपमान और अवसरों की असमानता आज भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। छात्रावास, शोध निर्देशन, मूल्यांकन और यहां तक कि अनौपचारिक अकादमिक नेटवर्क हर जगह असमान शक्ति-संतुलन मौजूद है।

इस पृष्ठभूमि में इक्विटी सेल, विशेष शिकायत समितियां और संरक्षित प्रक्रिया दलित-पिछड़े वर्गों को राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वहन प्रतीत होती हैं। संविधान का अनुच्छेद 15(4) और 15(5) राज्य को यह अधिकार देता है कि वह ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों के लिए विशेष प्रावधान करे। इस वर्ग का तर्क है कि समानता तब तक खोखली है, जब तक असमान सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों को बराबर करने के लिए अतिरिक्त सहारा न दिया जाए। उनके लिए यह बहस "समान अवसर" बनाम "विशेष अवसर" की नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा की है। वहीं इस संदर्भ में सवर्ण समाज की चिंता को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता है। इस यूजीसी बिल के आने से उसके मन में आशंका और असुरक्षा की भावना घर कर रही लगती है, लेकिन इस बहस का दूसरा पक्ष भी उतना ही वास्तविक है। सवर्ण समाज का एक बड़ा तबका मानता है कि नए यूजीसी नियमों में शिकायत तंत्र की संरचना ऐसी है, जिसमें पूर्वाग्रह की आशंका निहित है। अस्पष्ट परिभाषाएं, एकतरफा प्रतिनिधित्व और प्रारंभिक जांच के बिना कार्रवाई की संभावना, ये सभी घटक भय का वातावरण पैदा करते हैं। अब यहां जानना होगा कि आखिर इस प्रतिवाद के पीछे असली प्रश्न क्या है? न्याय या असंतुलन? इस पूरे विवाद का प्रश्न यह नहीं है कि सामाजिक न्याय चाहिए या नहीं, इस पर लगभग सर्वसम्मति है। असली प्रश्न यह है कि सामाजिक न्याय को लागू करते समय संवैधानिक संतुलन कैसे बनाए रखा जाए। यह बात हम सबको ध्यान में रखनी होगी कि संविधान न तो प्रतिशोध का दस्तावेज है और न ही किसी वर्ग विशेष की स्थायी ढाल। वह सुधारात्मक न्याय की अनुमति तो देता है, लेकिन बदले में नैसर्गिक न्याय, निष्पक्ष प्रक्रिया और समान गरिमा की भी मांग करता है। यह भी जानना श्रेयस्कर होगा कि इस संघर्ष और ऊहापोह के बीच आगे का रास्ता क्या हो। यूजीसी और सरकार के लिए यह समय आत्ममंथन का है, इसलिए आवश्यक है कि शिकायत तंत्र सभी वर्गों के लिए समान रूप से सुलभ और संतुलित हो।

प्रारंभिक जांच, समयबद्ध प्रक्रिया और अपील की स्पष्ट व्यवस्था हो, अकादमिक स्वतंत्रता और वैचारिक बहस को संरक्षित किया जाए, तथा राज्यों, शिक्षकों और छात्रों से व्यापक परामर्श हो। दूसरी कड़वी सच्चाई यह भी है कि राजनीति लगभग हर क्षेत्र में अपना हित ढूंढने लगती हैं।

## शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है



संकलित

दर्शन

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए।

## ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव



संकलित

प्रेरणा

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गणतंत्र के 77 वर्ष

भारत का गणतंत्र 77 वर्ष का हो चुका है। 26 जनवरी 1950 को लागू हुए संविधान ने एक नए भारत की नींव रखी, जो स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों से प्रेरित थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हमने अनेक क्षेत्रों में प्रगति की- साहित्य, खेल, कृषि, विज्ञान-प्रौद्योगिकी से लेकर आर्थिक-सैन्य क्षमता तक। विविध संस्कृति को मजबूत करते हुए राष्ट्र ने वैश्विक पटल पर अपनी पहचान बनाई। चंद्रयान मिशनों से अंतरिक्ष विज्ञान में अग्रणी बने, यूपीआई जैसी डिजिटल क्रांति ने भुगतान व्यवस्था बदल दी, जबकि ओलंपिक-एशियाड में पदकों की बौछार ने खेलक्षेत्र में नई ऊंचाइयां छुईं। आज विश्व भारत को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देखता है, जहां विकास दर ने गरीबी उन्मूलन में योगदान दिया।

*– दीपक वर्मा, सरायपाली*

## X ट्रेंड

### सीखने के अवसर



किसी भी शोध संगठन की सबसे बड़ी पूंजी उसके लोग होते हैं। आपके वैज्ञानिक, इंजीनियर और तकनीशियन ही आपकी वास्तविक शक्ति हैं। उन्हें सीखने के अवसर देने होंगे, नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपनी होगी और उन्हें यह विश्वास दिलाना होगा कि उनके विचारों को सुना जाएगा।

- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### मुक्त व्यापार समझौता



आज भारत ने अपने इतिहास में अब तक के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते को संपन्न किया है। आज 27 तारीख है और ये सुखद संयोग है कि आज ही के दिन, यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ भारत ये एफटीए कर रहा है।

- पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री

### पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति



सिर्फ राष्ट्रपति भवन में ही नहीं, जब राहुल गांधी असम आए, तब भी उन्होंने गमोछा पहनने से इनकार किया। गांधी परिवार के लिए असम और पूर्वी उत्तर भारत की संस्कृति कोई मायने नहीं रखती।

-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### स्वास्थ्य सर्वोपरि



प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक सुरक्षा सर्वोपरि है। अक्सर बच्चे तनाव और अवसाद के साथ-साथ ऑटिज्म जैसी स्थितियों से भी जूझ रहे होते हैं, जिसे सामान्यतः माता-पिता और शिक्षक भी समय पर पहचान नहीं पाते।

-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में भारत सहित 8 विदेशी मेडिकल डिग्रियों को मान्यता

सिंगापुर में डॉक्टर बनने के इच्छुक छात्र अब भारत के 'मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन' सहित आठ और विदेशी संस्थानों में मेडिकल की पढ़ाई कर सकेंगे। सिंगापुर ने उम्रदराज होती आबादी के कारण डॉक्टरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के उद्देश्य से इन विश्वविद्यालयों की डिग्रियों को मान्यता देने का फैसला किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय और सिंगापुर चिकित्सा परिषद ने संयुक्त बयान में कहा कि नयी मंजूरी प्राप्त ये संस्थान सिंगापुर को उम्रदराज़ होती जनसंख्या के बीच डॉक्टरों की बढ़ती जरूरत को बेहतर ढंग से पूरा करने में मदद करेंगे। इन आठ विश्वविद्यालयों को शामिल किए जाने के साथ ही एक फरवरी 2026 तक सिंगापुर में मान्यता प्राप्त विदेशी मेडिकल स्कूलों की संख्या 112 से बढ़कर 120 हो गई



## ऑफ बीट

# समुद्र में कहां से आते हैं सीप कई जीव भी बनाते हैं कंकाल

सीप बस जीवों के कंकाल ही हैं। लेकिन इंसानों और अधिकतर दूसरे पशुओं से अलग, इन घोंघों, क्लैम, ऑयस्टर और मसेल्स में एक एक्सोस्केलेटन होता है, जिसका मतलब है कि यह उनके शरीर के बाहर होता है। जब सीपियों की बात होती है, तो उनका मतलब आमतौर पर घोंघों जैसे जीवों के बाहरी खोल यानी शेल से होता है। कई दूसरे समुद्री जीव भी कंकाल बनाते हैं, जिनमें सैंड डॉलर जैसे इकाइनोइड्स शामिल हैं जो अंदरूनी कंकाल बनाते हैं। ये समुद्री जीव अपने नरम शरीर को बाहरी खतरों, जैसे शिकारियों या उनके रहने की जगह में होने वाले बदलावों से बचाने के लिए अपने शेल खुद बनाते हैं।



## संक्षेप

### पुलिस लाइन का निर्माण पूरा

**मार्च में होगा लोकार्पण, स्वतंत्रता परेड नए ग्राउंड में होगी**

अमेठी , जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित पुलिस लाइन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है। मार्च में इसका लोकार्पण होने की संभावना है। इसके बाद स्वतंत्रता दिवस की परेड भी नए पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। यह परियोजना प्रदेश सरकार के नेतृत्व में अमेठी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सैठा रोड पर 70 एकड़ भूमि पर लगभग 225 करोड़ रुपये की लागत से इस पुलिस लाइन का निर्माण किया गया है। अमेठी को जिला घोषित हुए करीब 15 साल हो चुके हैं, और अब इसे अपनी स्थायी पुलिस लाइन मिल जाएगी। पीडब्ल्यूडी भवन निर्माण खंड अयोध्या की निगरानी में नामित संस्था शिवांश इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने ईपीसी मोड पर यह कार्य पूरा किया है। नई पुलिस लाइन में प्रशासनिक भवन, सड़कें, प्रशिक्षण केंद्र, बैरकें, स्कूल, खेल मैदान और परेड ग्राउंड बनकर तैयार हैं। परिसर में गार्ड रूम, एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, क्वार्टर गार्ड, पार्किंग स्टैंड, पावर हाउस, गेस्ट हाउस, कैंटीन, एमटी ऑफिस, कंट्रोल रूम, रेडियो कक्ष, पुलिस मॉडल स्कूल, शहीद पार्क, यूनिफॉर्म स्टोर, महिला कल्याण केंद्र, ऑडिटोरियम, अस्पताल, पुलिस क्लब, गैस एजेंसी, मार्केट, धोबी घाट, विभिन्न श्रेणी के आवास और दो एटीएम जैसी आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। अमेठी की पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि नई पुलिस लाइन मिलने से पुलिसकर्मियों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि नई पुलिस लाइन में सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद हैं, जिससे पुलिस बल की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि अमेठी एक नया जिला होने के कारण यहां सरकारी भवनों का अभाव था। हालांकि, पिछले कुछ सालों में यहां का बुनियादी ढांचा मजबूत हुआ है।

### युवक ने खून से लिखा पीएम को पत्र

**यूजीसी के नए नियमों को वापस लेने की मांग**

अमेठी , जनापुर निवासी आदर्श प्रताप सिंह ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के प्रस्तावित नए नियमों के विरोध में एक अनोखा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपने खून से ̄यूजीसी रोल बैक̄ लिखकर एक पत्र तैयार किया और उसे पंजीकृत डाक से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजा। आदर्श प्रताप सिंह ने अपने पत्र में प्रधानमंत्री से इन नियमों को वापस लेने की मांग की है। उनका कहना है कि ये प्रस्तावित नियम न केवल शिक्षा व्यवस्था पर, बल्कि समाज की एकता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालेंगे। आदर्श प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि नए नियम हिंदू समाज को जाति और वर्ग के आधार पर विभाजित करने की एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द कमजोर होगा। उन्होंने कहा कि सरकार समानता की बात करती है, लेकिन ये नियम जमीनी स्तर पर भेदभाव को बढ़ावा देंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि सरकार इन नियमों को लागू करने पर अड़ी है

# कैसरगंज में कोहिनूर टूर एंड ट्रेवल्स पर पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी का भव्य स्वागत

**कांग्रेस से इस्तीफे के बाद सक्रिय हुए नसीमुद्दीन सिद्दीकी, कैसरगंज में दिखी हलचल**

### जनता की राय से तय होगी आगे की राजनीतिक दिशा

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, कैसरगंज/ बहराइच। पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ राजनीतिक नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी के कैसरगंज आगमन पर समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कस्बे के कोहिनूर टूर एंड ट्रेवल्स पर पहुंचते ही अमानत अली और सिराज अहमद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। नारेबाजी और गर्मजोशी भरे माहौल के बीच कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने अपने राजनीतिक सफर पर चर्चा करते हुए बताया कि वह पूर्व में बहुजन समाज पार्टी के कद्दावर नेता रहे हैं और बसपा सरकार में मंत्री पद की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी, लेकिन हाल ही में कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल वह किसी भी पार्टी से जुड़ने या नई राजनीतिक पार्टी के गठन को लेकर जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेना चाहते हैं। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि इन दिनों वह लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर आम जनता, सामाजिक कार्यकताओं और समर्थकों से मुलाकात कर रहे हैं। लोगों की भावनाओं और सुझावों को जानने के बाद ही आगे की राजनीतिक दिशा तय की जाएगी, चाहे वह नई पार्टी बनाना हो या किसी अन्य दल में शामिल होना। केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे यूजीसी कानून को लेकर नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह सरकार की नई चाल है, जिसके माध्यम से समाज को आपस में बांटने और लोगों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे कानूनों से न केवल शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी, बल्कि सामाजिक सौहार्द और देश की एकता को भी नुकसान पहुंचेगा।इस अवसर पर मौजूद लोगों ने नसीमुद्दीन सिद्दीकी के विचारों का समर्थन करते हुए उनके आगामी राजनीतिक फैसले के प्रति भरोसा जताया और कहा कि क्षेत्र की जनता उनके साथ मजबूती से खड़ी है। इस मौके पर अरशद खान पूर्व प्रत्याशी मेहनोन विधानसभा गोंडा, मुबीन अहमद अफजाल अंसारी, सैयद सैफ, मो कादिर, सूफियान, अरशद मलिक, शरीफ प्रधान आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# रुपईडीहा में श्मशान घाट का सौंदर्यीकरण व निर्माण कार्य तेज

**कहा- बिना स्नान दुखी मन से लौट रहा हूं, इसकी कल्पना नहीं की थी**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा में वर्षों से उपेक्षित पड़े स्वर्गधाम के निर्माण कार्य में तेजी आ गई है। नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से अंतिम संस्कार की सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे स्थानीय नागरिकों में खुशी का माहौल है। शवदाह के लिए दो अलग-अलग चबूतरे बनवाए जा चुके हैं, जिनके ऊपर छत की व्यवस्था की गई है। धुआं निकलने के लिए छत में होल बनाए गए हैं तथा ऊपर छतरियों का निर्माण भी कराया गया है। इसके अतिरिक्त दो कमरे भी तैयार किए गए हैं, जिनमें लकड़ी एवं अन्य आवश्यक सामग्री रखी जाएगी। परिसर में मौजूद बड़े गड्ढों को पाटकर टाइल्स लगवाई जा रही हैं। वहीं, चबूतरों तक पहुंचने के लिए मार्ग पर भी टाइल्स बिछाई जा रही हैं। बरसात के दिनों में परिसर में कीचड़ की समस्या रहती थी, जिससे शवदाह के दौरान काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब छत के नीचे अंतिम संस्कार होने से बारिश के समय किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। नगर पंचायत के लोग इस विकास कार्य से अत्यंत प्रसन्न हैं, क्योंकि इससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को विशेष राहत मिलेगी।

### क्या कहते है चेयरमैन डॉक्टर उमाशंकर वैश्य

इस संबंध में नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य ने बताया कि पहले सम्पन्न लोग गायघाट और अयोध्या जाकर अंतिम संस्कार कराते थे, जबकि गरीबों के लिए यहां अंत्येष्टि अत्यंत कष्टदायक थी। उन्होंने कहा कि स्वर्गधाम को सुविधाजनक बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता पड़ी तो वे व्यक्तिगत रूप से भी सहयोग करेंगे। उन्होंने आगे जानकारी दी कि परिसर में वाटर सोलर पंप स्थापित कर दिया गया है, जिससे पानी की समस्या समाप्त हो गई है। साथ ही जल्द ही डेड बॉडी फ्रीजर भी मंगवाया जाएगा, जिससे शव को सुरक्षित रखने के लिए बर्फ की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## बीएएमएस के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं ने ली शपथ

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। डा. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल सबलापुर में शुक्रवार को बीएएमएस (2025-26) के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मुकेश कुमार माहिच (रचना शरीर विभाग)व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ दिवेश त्रिपाठी ने मृत शरीर (कैडेवर) की शपथ दिलाई। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मुकेश कुमार माहिच ने बताया कि यह देहदान छात्र-छात्राओं को चिकित्सा एवं रिसर्च क्षेत्र में बहुत बड़ी भूमिका निभायेंगे। इस दौरान आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ सतीश चंद्र तिवारी व प्राशसनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी समेत अन्य मौजूद रहे।

## राशिद अली बने भारतीय किसान यूनियन मुलायम के प्रदेश मीडिया प्रभारी

**राष्ट्रीय अध्यक्ष नेम सिंह ने जारी किया मनोनयन पत्र**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। कस्बा नानपारा के मोहल्ला कबाडिया टोला निवासी जिले वरिष्ठ एवं चर्चित पत्रकार को भारतीय किसान यूनियन मुलायम का प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेम सिंह उर्फ राजेश यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव कश्यप, चौधरी मुमताज आलम राष्ट्रीय महासचिव ने वरिष्ठ पत्रकार राशिद अली को भारतीय किसान यूनियन मुलायम का प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। जारी पत्र में आशा की गई है कि नवनियुक्त प्रदेश मीडिया प्रभारी आंदोलनों और कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे और किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु अपने स्तर से प्रयास करेंगे। श्री अली के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत होने पर संगठन के नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# सेना में जाने के इच्छुक युवाओं को दिया गया 15 दिवसीय प्रशिक्षण

**एसएसबी ने सलारपुर में आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल




मोतीपुर, बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर स्थित गांव के युवाओं को सेना तथा पुलिस में जाने के लिए उन्हें प्रेरित कर उन्हें प्रशिक्षित कर सैनिक के रूप में तैयार करने के लिए एसएसबी अनूठी पहल कर रही है जिसके लिए उन्हें 15 दिवसीय भर्ती से पूर्व प्रशिक्षण देकर सेना तथा पुलिस सेवा में जाने के लिए तैयार किया है।59 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के नेतृत्व में तहसील मिहींपुरवा के भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में वाइब्रेंट ग्राम सलारपुर में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित 15 दिवसीय ॿभर्ती-पूर्व प्रशिक्षणॿ कोर्स का सफलतापूर्वक समापन किया गया। कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्र के 30 युवाओं ने सहभागिता की, जिन्हें सेना, अर्धसैनिक बलों एवं राज्य पुलिस बलों में भर्ती प्रक्रियाओं से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मिहींपुरवा अभिषेक सौरभ वर्मा रहे। इस अवसर पर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रतिभागियों की लगन, अनुशासन एवं प्रशिक्षण के प्रति उत्साह की प्रशंसा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कमांडेंट कैलाश चंद्र रमोला ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए अर्जित ज्ञान एवं कौशल का सकारात्मक उपयोग कर लक्ष्य प्राप्ति की अपील की तथा कार्यक्रम में सहयोग हेतु अतिथिगणों एवं स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एसएसबी के जवानों सहित काफी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित है।

## सड़क निर्माण में अनियमितता के वायरल वीडियो को संज्ञान लेकर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र में एक सड़क के निर्माण में अनियमितता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिस पर प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया है। वही सोशल मीडिया पर चर्चा है कि सिर्फ ठेकेदारी पर कार्यवाही करके जिम्मेदारों ने उसमें शामिल अन्य को बचाने का पूरा प्रयास किया है। जबकि एक ठेकेदार अकेले इतना बड़ा भ्रष्टाचार नहीं कर सकता है। उसमें अन्य जांच कर्ता अधिकारियों की संलिप्तता के भी आरोप लग रहे हैं। तहसील मिहींपुरवा के अन्तर्गत गंगापुर से अमृतपुर तक जाने वाली सड़क का मरम्मत कार्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद निर्माण खंड गोण्डा द्वारा करवाया जा रहा था। सड़क को उखाड़ने का एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा था जिसमें डामर सड़क को ग्रामीण बड़े बड़े टुकड़ों मे तोड़ते नजर आ रहे थे। जिसको संज्ञान मे लेकर आयुक्त व उप निदेशक ने विभागीय अधिकारियों को जाँच के आदेश दिये। विभागीय अधिकारियों की जाँच में गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण मिला जिसपर अधिकारियों के निर्देश पर विभागीय अवर अभियन्ता दिनेश कुमार ने ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।इस संबंध में ठेकेदार विनीत दीक्षित ने बताया कि मेरी फर्म के द्वारा गंगापुर मंडी से अमृतपुर तक सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा था। सड़क निर्माण कराने के दौरान कुछ लोगों द्वारा चार पहिया वाहन जबरदस्ती निकाला गया और रात को भारी बारिश हो गई जिससे सड़क पर पानी भर गया और सड़क फूल गई, जब तक मैं सड़क की मरम्मत कराता कुछ शरारती तत्वों द्वारा अवर अभियन्ता के संरक्षण में सड़क को क्षतिग्रस्त कर कुछ जगहों पर तोड़ दिया गया। विभागीय अधिकारियों के जाँच की सूचना मुझे नहीं मिली है और न ही मेरे संज्ञान में कोई जाँच हुई है। जाँच के दौरान बुलाया भी नहीं गया है जबकि सड़क गुणवत्तापूर्ण बनाई गई है। मेरे खिलाफ विभागीय अधिकारियों ने षड्यंत्र कर मुकदमा दर्ज कराया गया है जिसकी निष्पक्ष जाँच होनी चाहिये।

## सड़क हादसे मे नेपाली युवक की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। थाना रुपईडीहा अंतर्गत जमोग बाजार में सड़क हादसे मे एक बाइक सवार नेपाली युवक की दर्दनाक मौत हो गई वहीं पीछे बैठी महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के अनुसार जमोग बाजार स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नेपाल राष्ट्र से गुलहरिया दवा लेने जा रहे पति-पत्नी की बाइक को सामने से आ रही एक पेसेंजर बस ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान बुद्धू चमार निवासी पिपरहवा राष्ट्र नेपाल के रूप में की गई है। वहीं घायल महिला का नाम सरस्वती कुमारी बताया जा रहा है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को सीएचसी चरदा ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज बहराइच के लिए रेफर कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही रुपईडीहा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं बस चालक बस को लेकर मौके से भाग निकला हालांकि बाबागंज चौकी प्रभारी शिवेश शुक्ला ने चालक व बस को कब्जे मे ले लिया है। दुर्घटना की जांच की जा रही है।

# बिजली गिरने से किसान की मौत

**बारिश और ओले गिरने से ठंड बढ़ी, गड्ढे में गिरी स्कूटी**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शहर और ग्रामीण इलाकों में बादल छाए रहे। दोपहर हुई बारिश और रात में कुछ स्थानों पर पड़े ओलों के कारण ठंड और बढ़ गई। इसी बीच हरदुआगंज क्षेत्र के इमलानी गांव निवासी एक किसान की खेत पर जाते समय मौत हो गई। परिजनों ने आशंका जताई है कि किसान की मौत बिजली गिरने से हुई है। मौसम खराब होने के चलते शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ठंडी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान करीब 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान लगभग 11 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हवा की रफ्तार 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने से ठिठुरन और बढ़ गई। सड़क किनारे गड्ढे में गिरे स्कूटी सवारशहर में जगह-जगह सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन निर्माण के बाद छोड़े गए गड्ढे हादसों का कारण बन रहे हैं। हुई बारिश के बाद कई गड्ढों में पानी भर गया, जिससे वाहन चालकों को खतरा बना हुआ है। महेंद्र नगर क्षेत्र में बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे एक स्कूटी सवार सड़क निर्माण के बाद बने गड्ढे में गिर गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने दौड़कर स्कूटी सवार को गड्ढे से बाहर निकाला। यह पूरी घटना पास की एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सामने आया है।

### गर्दन पड़ चुकी थी काली

हरदुआगंज के गांव इमलानी निवासी करतार सिंह (60) खेत पर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आ गए। आसपास मौजूद लोग भागकर मौके पर पहुंचे तो वह गिरे हुए थे। परिजन का कहना है कि गर्दन काली पड़ चुकी थी और मुंह से खून रहा था। करतार सिंह आठ भाइयों में चौथे नंबर के थे। वह अविवाहित थे और खेतीॿबाड़ी कर जीवन यापन करते थे।प्रधान रामपाल सिंह ने इसकी सूचना तहसील प्रशासन को दी है।

# कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह हिरासत में

**अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में प्रयागराज जा रहे थे, दो घंटे बाद रिहा**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह को पुलिस ने अमेठी में हिरासत में ले लिया। वे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की सुरक्षा को लेकर सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रयागराज जा रहे थे। उन्हें जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में लगभग दो घंटे तक रोके रखने के बाद रिहा कर दिया गया। दरअसल, मौनी अमावस्या के दिन शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से हुए विवाद के बाद कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने उनकी जान को खतरा बताया था। वे शंकराचार्य की सुरक्षा के लिए अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रयागराज जा रहे थे। एसडीएम ने गेस्ट हाउस जाकर रोका सूचना मिलने पर एसडीएम प्रीति तिवारी और सीओ अखिलेश वर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने दीपक सिंह से बातचीत की। करीब दो घंटे की बातचीत के बाद प्रशासन ने उन्हें छोड़ दिया। रिहाई के बाद दीपक सिंह ने बताया कि उनकी शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से फोन पर दो बार बात हुई है। स्वामी जी ने उन्हें सूचित किया कि वे प्रयागराज से वाराणसी के लिए रवाना हो चुके हैं। इसके चलते, प्रयागराज जाने का उनका कार्यक्रम फिलहाल रद्द कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के अगले आदेशानुसार कार्य किया जाएगा। अविमुक्तेश्वरानंद की सुरक्षा देने की बात कहीयह घटना मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज मेले में शंकराचार्य और स्थानीय प्रशासन के बीच हुए विवाद के बाद हुई है। उस समय स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के काफिले ने अपनी जान को खतरा बताया था। इसी क्रम में पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने स्वामी को पत्र लिखकर उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने की पेशकश की थी। दीपक सिंह ने दावा किया था कि वे एक संगठनात्मक मुहिम से जुड़े हैं। इसके तहत 50-50 कार्यकताओं की टीमें आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की सुरक्षा में तैनात रह सकती हैं।

## चोरी का खुलासा:दो चोर गिरफ्तार

**552 साइकिल ट्यूब बरामद, अनुमानित कीमत लगभग 70 हजार रुपये**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , पुलिस ने नवाबगंज थाना क्षेत्र में हुई एक चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी के 552 साइकिल ट्यूब और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने इन शातिर चोरों को नान्हूपुरवा नहर पुल के पास से पकड़ा। बरामद किए गए साइकिल ट्यूब की अनुमानित कीमत लगभग 70 हजार रुपये बताई जा रही है।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान महताब (20 वर्ष) और मोहम्मद साहबान (19 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 26 जनवरी को नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक साइकिल दुकान में चोरी हुई थी। चोरों ने दुकान की छत से कूदकर साइकिल ट्यूब, गल्ले में रखे 1200 रुपये नकद और एक आधार कार्ड चुरा लिया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने दो दिन पहले दुकान के पीछे से चढ़कर लगभग 20 बोरी साइकिल ट्यूब, नकदी और आधार कार्ड चुराया था। वे चार बोरी ट्यूब ऊँचाहार की तरफ बेचने जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई शेष ट्यूब की बोरियां परियांवा कब्रिस्तान के पास सरसों के खेत किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखी गई थीं

# यूजीसी नियमों के खिलाफ अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**प्रतापगढ़ में तहसील-रजिस्ट्री कार्यालय में ताला जड़ा, काम पूरी तरह ठप रहा**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , पट्टी तहसील म अधिवक्ताओं ने यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के नए नियमों के विरोध में प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में एकत्र होकर तहसील और रजिस्ट्री कार्यालय में ताला जड़ दिया। इस प्रदर्शन के कारण न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप रहा, जिससे वादकारियों और आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारी अधिवक्ता सड़क पर उतर आए और 'काला कानून वापस लो', 'वॠउ नियम नहीं चलेगा', 'अधिवक्ताओं के अधिकारों से खिलवाड़ बंद करो' जैसे नारे लगाए। अधिवक्ताओं का आरोप है कि वॠउ के नए नियम उनके हितों के खिलाफ हैं। उनका कहना था कि इन नियमों से न केवल अधिवक्ताओं के अधिकारों का हनन हो रहा है, बल्कि न्यायिक और सामाजिक व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व बार अध्यक्ष राधा रमण मिश्रा ने कहा कि सरकार ऐसे नियम लागू कर रही है, जो अधिवक्ता समाज और सामाजिक संतुलन के लिए घातक हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक इन नियमों को वापस नहीं लिया जाता, तब तक अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के बाद अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी पट्टी को सौंपा। ज्ञापन में वॠउ के नियमों को तत्काल वापस लेने की मांग की गई

# संक्षेप

## अनियंत्रित स्कूल बस पलटी,बाल बाल बचा चालक,बस में बच्चे नहीं थे

महराजगंज तराई (बलरामपुर) स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत को स्कूली बस पलट गई।स्कूल बस बच्चों को लेने जा रही थी।बस चालक जमालुद्दीन निवासी रोहरौली ने बताया कि वह फौजान पब्लिक स्कूल जरवा रोड तुलसीपुर में बस चालक है। बुधवार की सुबह बस लेकर बच्चों को लाने के लिए जा रहा था। तभी उदई पुर बदलपुर के पास नईम के खेत में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें चालक बाल बाल बच गया।

## बारिश में धुला फाइनल मुकाबला, शनिवार को खेला जाएगा

महराजगंजतराई (बलरामपुर) स्वर्गीय अमरेश बहादुर सिंह क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे टूनामेंट में बुधवार को फाइनल मुकाबला होना था।लेकिन रात में हुई बारिश के कारण फाइनल मुकाबला स्थगित किया गया है। अब फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा। स्टार इलेवन महमूदनगर व शमीम इलेवन सेमरहन की टीमें फाइनल में पहुंच गई है। शनिवार को दोनों टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। आयोजक सौरभ सिंह ने बताया कि फाइनल मुकाबला बुधवार को खेला जाना था।लेकिन बारिश होने के कारण नहीं हो सका। अब फाइनल मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा।

## कार्यालय के बाहर खड़े फरियादियों से मिलकर डीएम ने सुनी समस्याएं

श्रावस्ती। डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान डीएम कक्ष के बाहर कई फरियादी अपनी समस्या को लेकर उनके पास मिलने आये थे। जिनसे जिलाधिकारी ने स्वयं मिलकर उनकी समस्याओं को गम्भीरता से सुना तथा निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश भी दिया ।जनता दर्शन के दौरान कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

## ओबरा ताप विद्युत परियोजना में हर्षोल्लास के साथ मनागणतंत्र दिवस

ओबरा, सोनभद्र। ओबरा ताप विद्युत परियोजना ओबरा के संकुल स्थित गांधी मैदान में 77वां गणतंत्र दिवस भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए उत्साह एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया।मुख्य महाप्रबंधक ने ध्वजारोहण किया।इस अवसर पर ओबरा ताप विद्युत गृह के मुख्य महाप्रबंधक इं आरके अग्रवाल ने प्रातः 8:30 बजे ध्वजारोहण किया तथा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में लोकतंत्र, समता, पंथनिरपेक्षता एवं विधि के शासन को सर्वोच्च महत्व दिया गया है

# स्वास्थ्य केंद्रों पर नहीं चिकित्सक मरीज परेशान

## बकेवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हालात बदतर चिकित्सक गायब

अमन लेखनी समाचार




बकेवर, फतेहपुर ,जनपद के तेज तर्रार मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कड़े दिशा निर्देशों के बाद भी स्वास्थ्य व्यवस्था सुधार में आने का नाम नहीं ले रही है स्वास्थ्य केन्द्रों में पहुंचे बीमार मरीजों को निरंतर अस्पताल की सुविधा मुहैया न होने पर प्राइवेट अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है ताजा मामला फतेहपुर जनपद के जहानाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संबद्ध प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बकेवर का दिखाई दिया जहां कल दोपहर 12 बजे क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन मरीज मौजूद थे परंतु पूरे अस्पताल में एक भी चिकित्सक मौजूद नहीं मिला हताश होकर मरीज अस्पताल से वापस लौटे तथा प्राइवेट अस्पताल में जाकर इलाज कराया इस बारे में प्रभारी चिकित्सक डॉ मनीष शुक्ला से जानकारी ली गई जहां उन्होंने बताया कि उनके पास जहानाबाद क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्र बकेवर देवमई तथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भैसौली का कार्यभार है जहां सभी जगह एक साथ पहुंचना संभव नहीं है वही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बकेवर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक डॉक्टर शिखा कनौजिया नियुक्त हैं प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में वह मौजूद रहती हैं इसके बाद शुक्रवार को प्रतिकर अवकाश के कारण वह मौजूद नहीं थी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एकमात्र चिकित्सक की नियुक्ति होने के कारण इस समस्या का सामना क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पंचायतों की ग्रामीणों को करना पड़ रहा है अस्पताल एकमात्र सफेद हाथी की तरह बनकर रह गया है जहां चिकित्सा व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा चुकी है ठीक इसी प्रकार क्षेत्र के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भैसौली की दुर्दशा वर्षों से चली आ रही है जहां के ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से दर्जनों बार आवाज उठाई परंतु विभाग ने ग्रामीणों की शिकायत को नजरअंदाज कर दिया समाचार पत्रों पर दर्जनों प्रकाशित खबरों के बाद भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ऐसे अस्पताल पर नियुक्त लापरवाह कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही करना उचित नहीं समझा जनपद के अंतिम छोर पर स्थापित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कई ऐसे चिकित्सक कार्यरत हैं जो कभी चिकित्सालय पहुंचते ही नहीं है देखना यह है कि ऐसी दयनीय व्यवस्था को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कब तक सुधार पाएंगे।

# शराब मामले का एक वारंटी अभियुक्त प्रशासन के हाथों गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुरेजनपद के पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह के निर्देशन पर जगह-जगह अपराध की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत कल शुक्रवार को चांदपुर थाना के अमौली चौकी इंचार्ज दिग्विजय सिंह ने अपने हमराही आरक्षी धीरज सिंह यादव के साथ मिलकर क्षेत्र के केवटरा गांव निवासी वारंटी अभियुक्त सुरेश पुत्र जगन्नाथ को गिरफ्तार किया मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त के ऊपर अवैध शराब को लेकर मुकदमा अपराध संख्या 0214/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित चांदपुर थाना में मुकदमा पंजीकृत था जिसके तहत





अभियुक्त को गिरफ्तार कर प्रशासन ने अग्रिम कार्रवाई की

# यूपी बार काउंसिल चुनाव का मेरठ में दूसरा दिन

### 4173 अधिवक्ताओं ने किया मतदान का प्रयोग , 5885 हैं कुल मतदाता

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, यूपी बार काउंसिल के चुनाव के तहत मेरठ, मवाना और सरधना के तीनों क्षेत्रों में दूसरे दिन कुल 5885 मतदाता अधिवक्ताओं में से 4173 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मेरठ में सर्वाधिक 3894, सरधना में 158 और मवाना में 121 अधिवक्ताओं ने मतदान किया।यूपी बार काउंसिल के 25 पदों के लिए पूरे प्रदेश में कुल 333 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।मतदान चार चरणों में कराया जा रहा है।तीसरे चरण के अंतर्गत मेरठ, मवाना और सरधना में मतदान हुआ। मेरठ में इस बार मेरठ में कुल 5559 मतदाता हैं, जिनमें से मंगलवार और कुल 3894 अधिवक्ताओं ने वोट डाले। वहीं सरधना में 181 में से 158 और मवाना में 145 में से 121 मतदाताओं ने मतदान किया। भारी बारिश के कारण मतदान प्रभावित रहा, जबकि मौसम साफ रहने से मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई।चुनाव प्रक्रिया जिला जज अनुपम कुमार की देखरेख में चुनाव अधिकारी जिला जज आलोक द्विवेदी द्वारा संपन्न कराई गई। अपर जिला जज पवन शुक्ला, बाबर खान सहित न्यायिक अधिकारी अनुराग सिंह, नदीम अनवर, नम्रता सिंह और हरिहर गुप्ता ने सहयोग किया ये हैं मेरठ से प्रत्याशमेरठ से चुनाव मैदान में कुल आठ प्रत्याशी हैं जिनमें रोहताश अग्रवाल, अनिल कुमार तोमर, अरविंद कुमार भाटी, सरताज आलम गाजी, अजय कुमार त्यागी, पंकज गुप्ता और अनिल कुमार

# बारिश के साथ गिरे ओले, ठंड बढ़ी

## पारा 6 डिग्री पहुंचा, आज भी बारिश की संभावना

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मौसम ने अचानक करवट ली। कल सुबह जहां हल्की धूप दिखाई दी, वहीं करीब 11 बजे आसमान में काले बादल छा गए और बारिश शुरू हो गई। बारिश रुक-रुक कर देर रात तक होती रही, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई।इसके साथ ही शहर के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश और तेज हवाओं के चलते दिन के तापमान में 6.7 डिग्री सेल्सियस की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की मौसम वेधशाला के मुताबिक मंगलवार को अधिकतम तापमान 14.7 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यदि बारिश की बात करें तो मंगलवार को 10 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि इससे पहले 15 मिमी बारिश हुई थी।इस प्रकार जनवरी माह में अब तक कुल 25 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। मौसम विभाग ने बुधवार को भी बारिश की संभावना जताई है, जिससे शीतलहर का असर और अधिक बढ़ सकता है।

### किसानों के लिए फायदा और नुकसान दोनों

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह बारिश फसलों के लिए मिली जुली साबित होगी। कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरएस सेंगर ने बताया कि गेहूं, सरसों, आलू और सब्जियों की फसलों के लिए यह बारिश लाभकारी है और प्राकृतिक सिंचाई का काम करेगी। वहीं, भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एम शमीम ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ओलावृष्टि हुई है, जो जनवरी के अंत में सामान्य नहीं है। अधिक ओलावृष्टि होने पर फसलों को नुकसान भी पहुंच सकता है।

### बारिश के बाद भी प्रदूषण खतरनाक

बारिश के बावजूद शहर की हवा साफ नहीं हो सकी। शहर का औसत एक्यूआई 259 दर्ज किया गया।

# यूजीसी नियमों से मेरठ में नाराज छात्र

### बोले भविष्य और मानसिक स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , यूजीसी द्वारा हाल ही में लागू किए गए नए नियमों के खिलाफ मेरठ के छात्र और युवाओं में नाराजगी बढ़ गई है। छात्रों ने इसे शिक्षा सुधार के नाम पर भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए इसे अन्यायपूर्ण और भेदभावकारी निर्णय करार दिया है। छात्रों का कहना है कि नए नियमों से सामान्य वर्ग के बच्चों में भय, तनाव और असुरक्षा बढ़ी है। वे मानसिक रूप से उपेक्षित और प्रताड़ित महसूस कर रहे हैं। छात्रों के अनुसार यह कानून उनके आत्मसम्मान, मानसिक स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य पर सीधा प्रहार है वरोध कर रहे छात्रों ने कहा कि यह स्थिति केवल शैक्षणिक समस्या नहीं, बल्कि सामान्य वर्ग के बच्चों का गंभीर मानसिक उत्पीड़न है जिसकी जिम्मेदारी नीति-निमार्ताओं और प्रशासन पर आती है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो इसके गंभीर सामाजिक परिणाम सामने आ सकते हैं। छात्रों ने यह भी दावा किया कि यह कानून समाज में आपसी मतभेद बढ़ाने और जातीय आधार पर भाईचारा कमजोर करने का काम कर रहा है। शिक्षा जैसी व्यवस्था को जाति और वर्ग के आधार पर बांटना, देश की एकता और सौहार्द के लिए खतरनाक बताया गया। छात्रों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसा कानून किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। शिक्षा का उद्देश्य



समान अवसर देना है, न कि किसी वर्ग को हाशिए पर धकेलना।उन्होंने प्रशासन व उच्च अधिकारियों से मांग की है कि जनभावनाओं की अनदेखी न की जाए और इस कानून को वापस लिया जाए। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि जनता की आवाज नहीं सुनी गई तो असंतोष और विरोध की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन को उठानी होगी।

# ठगी पीड़ितों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, डीएम प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। ठगी का शिकार हुए निवेशकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर अपनी पीड़ा प्रशासन के समक्ष रखी।ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के बैनर तले पहुंचे पीड़ितों ने जिलाधिकारी प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते हुए न्याय और भुगतान की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से पीड़ितों ने बताया कि विभिन्न योजनाओं में जमा की गई उनकी गाढ़ी कमाई वर्षों से फंसी हुई है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित विशेष समिति एवं बड्स एक्ट 2019 के प्रावधानों के बावजूद अब तक भुगतान की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है, जिससे पीड़ित परिवार आर्थिक और मानसिक संकट से जूझ रहे हैं। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार ने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप बड्स एक्ट 2019 को प्रभावी रूप से लागू कराते हुए जिले व तहसील स्तर पर लंबित भुगतान आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कराया जाए, ताकि पीड़ितों को राहत मिल सके। संगठन ने यह भी मांग की कि दोषी कंपनियों की संपत्तियों की कुर्की कर राशि पीड़ितों को वापस दिलाई जाए।प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वर्षों से न्याय की आस लगाए बैठे पीड़ितों की स्थिति दयनीय हो चुकी है। कई परिवार इलाज, शिक्षा और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए परेशान हैं। प्रदर्शन करने वालों में जिला अध्यक्ष गिरीश कुमार मिश्रा, हरिश्चंद्र पांडेय, राजेश्वर प्रसाद, निरंजन त्रिपाठी, सुशीला देवी, राम जनी, चंपा, सीता देवी , मालती देवी आदि मौजूद रहीं।

# सिंचाई-विभाग का जूनियर इंजीनियर ले रहा था 2 लाख की रिश्वत

## मेरठ में कार और जेब से भी मिले 8 लाख; पकड़ा गया तो धमकाने लगा

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, मेरठ में सिंचाई विभाग के खए (जूनियर इंजीनियर) को 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। विजिलेंस टीम को 2 लाख के अलावा खए की जेब से 54 हजार और कार से 7.46 लाख रुपए और मिले हैं। कुल 10 लाख रुपए बरामद हुए हैं विजिलेंस के अफसर ने बताया कि खए बृजराज सिंह ने एक ठेकेदार से उसका पेमेंट कराने के बदले रिश्वत मांगी थी। काफी समय से ठेकेदार को परेशान किया जा रहा था। इसके बाद ठेकेदार ने विजिलेंस से संपर्क किया। विजिलेंस ने ट्रैप की रणनीति तैयार की। इसके बाद आज ठेकेदार को खए के पास भेज दिया। जैसे ही ठेकेदार ने रकम खए बृजराज सिंह को दी, विजिलेंस की टीम में उसे दबोच लिया। फिलहाल विजिलेंस टीम बंद कमरे में खए बृजराज सिंह से पूछताछ कर रही है। मवाना में रहने वाले अंकुर सिंह की डीएस कॉन्ट्रैक्टर्स के नाम से फर्म है। उनकी यह फर्म सिंचाई विभाग के सिविल कार्यों का टेंडर लेती है। पिछले साल गाजियाबाद क्षेत्र की मछरी माइनर को साफ करने का ठेका उन्हें मिला था। यह माइनर लंबे समय से बंद पड़ी थी। अंकुर सिंह की फर्म को 0.800 किलोमीटर से 1.600 किलोमीटर की दूरी तक मछरी माइनर साफ करना था। इसके लिए ऑफलाइन टेंडर मांगा गया था। 8 लाख 3 हजार 644 रुपए का टेंडर था। टेंडर मिलने के बाद 1 दिसंबर, 2025 को काम शुरू हुआ। 30 दिसंबर, 2025 को काम खत्म हो गया। इसके बाद अंकुर पेमेंट के लिए डिपार्टमेंट पहुंचे, तो उनसे रिश्वत मांगी गई। खए ने कहा- हिस्सा मिलते ही पूरा पेमेंट करा देंगेअंकुर ने बताया- यह टेंडर अधिशासी अभियंता मेरठ खंड गंगनहर ने ऑफलाइन जारी किया था। काम देते वक्त भी काफी परेशान किया गया। काम खत्म होने के बाद जब पेमेंट की बारी आई, तो खए ब्रजराज सिंह ने कहा कि वह अभी आधा काम पूरा दिखाकर उसका आधा पेमेंट करा रहे हैं। बाकी पेमेंट तब कराया जाएगा, जब उनका हिस्सा उन्हें मिल जाएगा। 7. 54 लाख रुपए का होना था पेमेंट ठेकेदार अंकुर सिंह ने बताया- यह फर्म मेरे पिता धर्म सिंह के नाम रजिस्टर्ड है, लेकिन वह काफी बुजुर्ग हो गए हैं। इसलिए मुझे ही काम संभालना पड़ता है। करीब 7.54 लाख रुपए का पेमेंट होना था। 14 जनवरी, 2026 को 4 लाख 32 हजार 644 रुपए का एक पेमेंट मेरे पिता के खाते में पहुंच गया। इसके बाद जीएसटी और लेबर सेस काटकर 3.71 लाख रुपए बाकी थे। वही पेमेंट करने के लिए 3 लाख मांगे जा रहे थे। विजिलेंस ने 2 लाख देकर भेजा, तो जेई एक लाख रुपए और लाने की बात पर अड़ गया। धमकी दी कि 31 मार्च तक पेमेंट होना है। इसके बाद वह पेमेंट भी नहीं होगा। अगर यह पेमेंट नहीं किया

# पुरानी रंजिश में छात्र पर जानलेवा हमला, लोहे के पंच से सिर फोड़ा

अमन लेखनी समाचार




गाजीपुर। थाना बड़हलगंज क्षेत्र अंतर्गत पुरानी रंजिश को लेकर एक छात्र पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता सुमन देवी पत्नी ओमप्रकाश पाल, निवासी ग्राम सीधेगौर, थाना बड़हलगंज, जिला गोरखपुर ने थाना प्रभारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनका पुत्र शिवम 26 जनवरी 2026 को आजाद हिंद बाल मंदिर पिंडहनी में झंडारोहण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था। पीड़िता के अनुसार, अपराह्न लगभग 3 बजेजब शिवम छपिया उमराव मोड़ के पास पहुँचा, तभी पड़ोस की अनुराधा यादव पत्नी राम दयाल यादव के कहने पर चार-पाँच अज्ञात युवक, जो मोटरसाइकिल से आए थे और जिनके चेहरे ढके हुए थे, ने उसके पुत्र पर हमला कर दिया। हमलावरों ने हाथ में पहने लोहे के पंच से शिवम को बेरहमी से पीटा, जिससे उसका सिर फट गया और गंभीर रूप से रक्तस्राव होने लगा। घटना के दौरान राहगीरों ने किसी तरह बीच-बचाव कर छात्र की जान बचाई। जाते समय हमलावर गाली-गलौज करते हुए धमकी देते गए

# मैच उद्घाटन के बहाने शहीद चौराहा पहुंचे अरविंद राजभर, पुराने वादे याद आते ही फूटा जनआक्रोश

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर।शादियाबाद।महाराजा राष्ट्रीय सुहेलदेव स्टेडियम, लखमनपुर डिहवा में आयोजित खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने जा रहे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (भासपा) के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर कार्यक्रम से पूर्व अमर शहीद जगपति राम चौराहा पहुंचे। यहां उन्होंने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान जहां शहीद के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया, वहीं कुछ ही देर में पूर्व में किए गए वादों की याद दिलाए जाने पर माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शहीद जगपति राम के 25वें शहादत दिवस पर अरविंद



राजभर ने इसी स्थल पर एक हाई मास्क लाइट और शहीद स्मारक के प्रवेश द्वार (गेट) के निर्माण का सार्वजनिक आश्वासन दिया था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बावजूद न तो लाइट लगी और न ही गेट का निर्माण हो सका।इसी क्रम में शादियाबाद थाना चौराहा पर लगी हाई मास्क लाइट भी लोगों के आक्रोश का कारण बनी। बताया गया कि यह लाइट मात्र दो महीने जलने के बाद खराब हो गई और अब शो-पीस बनकर रह गई है।मौके पर मौजूद क्षेत्रीय विधायक बेदी राम से जब इस संबंध में सवाल किया गया तो उनका जवाब लोगों को और भड़काने वाला साबित हुआ। विधायक ने कहा—जब मैं चाहूंगा, तब लाइट जलेगी।इस बयान के बाद वहां मौजूद लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना था कि यह जवाब न केवल जनता बल्कि शहीदों के सम्मान का भी अपमान है। वहीं, जब अरविंद राजभर से शहीद स्मारक से जुड़े अधूरे कार्यों और खराब पड़ी हाई मास्क लाइट को लेकर सवाल किए गए तो वे सीधे जवाब देने से बचते नजर आए।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

जनपद फर्रुखाबाद पुलिस को अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना कोतवाली कायमगंज पुलिस ने क्षेत्र में संचालित हो रही एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान तारिक खान, मुख्तियार खान और असद को हिरासत में लिया है। मौके से भारी मात्रा में अवैध राइफल, बंदूकें, पिस्तौल, हथियार बनाने के उपकरण तथा अन्य सामग्री बरामद की गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त असद के विरुद्ध पूर्व में मारपीट का मामला दर्ज है। शेष आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# संक्षेप

## कचीर में 9 फरवरी से श्रीमद्भागवत कथा का होगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। गरौठा के ग्राम कचीर में आगामी 9 फरवरी 2026 सोमवार से 15 फरवरी 2026 रविवार तक भव्य श्री मद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। श्री राम राजा सरकार सिद्धपीठ हनुमान जी महाराज मंदिर के पुजारी पंडित दिनेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 फरवरी 2026 को श्रीराम राजा सरकार सिद्धपीठ हनुमान जी महाराज मंदिर प्रांगण में भव्य कलश यात्रा के साथ श्री मद्भागवत कथा का शुभारम्भ होगा। कार्यक्रम में बालव्यास पूजा पाठक जी के श्री मुख से संगीतमय श्री मद्भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा।कथा का समय दोपहर 2 बजे से निर्धारित किया गया है। 16 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।श्रीमती नीरज -विनोद कुमार गौतम कथा परीक्षित बनेंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम समस्त ग्रामवासियों एवं श्री राम राजा सरकार कमेटी के सहयोग से आयोजिय किया जा रहा है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सभापति ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

कछौना/हरदोई।विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अभियान में सभापति अशोक अग्रवाल ने जूनियर हाईस्कूल में स्थित मतदान केंद्र का शुक्रवार को निरीक्षण किया। मतदेय स्थलों पर बीएलओ से संबंधित एसआईआर की जानकारी दी। वर्तमान समय में किसी कारणवश जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है, उन मतदाताओं को नोटिस जारी की जा रही है व निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 13 प्रपत्रों में से कोई एक प्रपत्र प्राप्त कर नोटिसों का निस्तारण किया जा रहा है। विकास खंड कछौना व नगर पंचायत कार्यालय कछौना में संबंधित निर्वाचनकर्मी बैठ रहे हैं।

# महान क्रांतिकारी के तोरण द्वार पर पोस्टर लगाने से जनाक्रोश, पालिका ने हटवाए पोस्टर

**पालिका अध्यक्ष मधुर ने दी कार्रवाई की चेतावनी**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। क्या यही अंजाम होता है उन लोगों का,जिन्होंने हँसते-हँसते कोड़ों की मार सही, अंडमान की काल कोठरी झेली और आजादी की मशाल को अपने लहू से जलाए रखा शहीद-ए-आजम भगत सिंह के साथी, असेम्बली बम कांड में जिन्हें ब्रिटिश हुकूमत ने षड्यंत्रकर्ता करार दिया, हरदोई के गौरव महान क्रांतिकारी जयदेव कपूर का नाम आज चुपचाप मिटाया जा रहा है,जिनकी पीठ पर 30-30 बेंतों के निशान जीवन भर रहे,जिनके हौसले अंग्रेजी बर्बरता भी नहीं तोड़ पाई।ये वही जयदेव कपूर हैं जिन्होंने भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त को सेंट्रल असेम्बली में प्रवेश दिलाया।अंडमान जेल में 6 साल बिताए,60 दिनों तक रोज 30 बेंत झेले,जिनसे फाँसी से पहले भगत सिंह ने अपनी घड़ी और जूता देकर आजादी की मशाल जलाए रखने का वचन लिया। दरअसल शहर के जिंदपीर चौराहे पर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जयदेव कपूर के स्मृति द्वार पर पोस्टर लगाए जाने को लेकर विवाद गहरा गया है। शहर में सरकारी खर्च से बने प्रवेश द्वारों और दिशा संकेतकों पर राजनीतिक पोस्टर लगाने की होड़ के बीच कुछ लोगों ने सेनानी जयदेव कपूर के तोरण द्वार को ह्यमदारी पासी चौकह्ल के पोस्टरों से पूरी तरह ढक दिया, जिससे सेनानी के परिवार और स्थानीय नागरिकों में भारी रोष फैल गया। गौरतलब है कि बीते 26 जनवरी को जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पुलिस लाइन में जयदेव कपूर के पुत्र संजय कपूर को सम्मानित किया था। ऐसे में महापुरुष के नाम और स्मृति चिन्ह को ढकने की इस घटना पर संजय कपूर ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विवादित पोस्टरों को हटवाया और तोरण द्वार को पूर्व स्थिति में बहाल कराया। नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा ने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए इसे शरारती तत्वों की साजिश बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि महापुरुषों का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और होर्डिंग व पोस्टर लगाने वालों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, शहर के अन्य द्वारों और सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से लगी होर्डिंग्स को लेकर भी प्रशासन ने सख्त रुख अपनाने के संकेत दिए गए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा ने कहा है कि वह ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराएंगे।

# किशोरी और दो युवतियां लापता, अज्ञात आरोपियों पर रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।जनपद के अलग अलग थाना छेत्रों से एक किशोरी और दो युवतियों के लापता होने के मामले में परिजनों की लिखित तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है। बेहटा गोकुल थाना छेत्र निबासी पीड़ित पिता के अनुसार उसकी 15 वर्षीय पुत्री 28 जानवरी की रात 8 बजे शौच के लिए कहकर घर से गयी थी। तब से वापस लौट कर नहीं आयी।तलाश करने पर पता चला उसकी पुत्री किसी अज्ञात युवक से फोन पर बात किया करती थी। पाली थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित चाचा के अनुसार उसका भाई अपनी पत्नी को लेकर दवा दिलवाने दिल्ली गया था। इसी बीच 21 जनवरी को शाम 4 बजे उसकी 18 वर्षीय भतीजी कहीं लापता हो गयी। उसकी भतीजी का विवाह 7 मार्च को होना तय था।

# पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी लेकर मेस सहित पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन सहित मेस, डायल 112,क्वाटर गार्ड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।प्रत्येक शुक्रवार को होने वाली नियमित परेड का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने कहा सरकार की गाइड लाइन के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करें।जनता जिस विश्वास के साथ पुलिस के पास न्याय की आस लेकर आती।

# जनसुनवाई की शिकायतों का हो न्याय पूर्ण निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पीड़ितों की शिकायतों को सुनते हुए अधिनस्थों को न्यायपूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस कार्यालय पर न्याय पाने की आस में आये पीड़ितों से उन्होंने पुलिस कार्यालय तक आने की वजह भी जानी और सभी फरियादियों के प्रार्थना पत्र का गहनता से अवलोकन कर सम्बंधित अधीनस्थ को कार्यवाही के लिए अग्रसारित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को चेताया है कि थाने आने वाले पीड़ितों की तत्काल रिपोर्ट दर्ज की जाए और उनका न्यायपूर्ण निस्तारण किया जाए।ताकि पीड़ितों को पुलिस कार्यालय तक न्याय के लिए भटकना न पड़े।

# बाजार गए युवक की बाइक चोरी, अज्ञात पर रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।मझिला थाना क्षेत्र निवासी युवक की बाइक आलमनगर बाजार से चोरी होने के मामले में पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू की है। थाना क्षेत्र के ग्राम कूची खेड़ा निवासी दिलासाराम पुत्र शंकर लाल के अनुसार वह 22 जनवरी को काम से आलमनगर बाजार गया था। उसने वहां अपनी बाइक संख्या यूपी 30एक्स 0043 खड़ी कर दी थी। उसकी बाइक कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। उसने अपनी बाइक की काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

# एसपी के आदेश पर चार पर लिखी दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट

**मारपीट करने वाले आरोपियों पर रिपोर्ट**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र में दलित महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में एसपी के आदेश पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गयी है। वहीं शाहाबाद कोतवाली छेत्र में एक परिवार को मारपीट कर घायल करने के आरोपियों पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम खनिगवा खुर्द के मजरा जमालपुर निवासी पीड़िता सरला पत्नी राजनारायन के अनुसार 9 जनवरी को वह घर में अकेली थी। पुरानी जमीनी रंजिश में गांव निवासी जगपाल पुत्र सियाराम ने अपनी माँ रामप्यारी, पत्नी रमन देवी और भाभी सुनैना पत्नी श्यामू के साथ उसके घर में घुसकर जातिसूचक गाली गलौज करते हुए लात घुसो से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीणों ने उसे बचाया। उसने घटना की लिखित तहरीर थाना पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।पीड़िता की लिखित तहरीर पर एस पी अशोक कुमार मीणा के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला अल्लाहपुर सैदीखेल निवासी रजनीश चंद्र पुत्र मुंशीलाल के अनुसार 28 जनवरी की शाम को 8 बजे वह अपने दरवाजे पर था तभी किसी रंजिश वश मोहल्ले के शिवदीन पुत्र बनवारीलाल ने अपने भाई धनीराम भतीजे अनमोल और दिशांत के साथ उसे गाली गलौज किया मना करने पर आरोपियों ने उसे उसकी पत्नी और दो बहनों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया है। पुलिस ने घटना की जाँच शुरू कर दी है।

# अमर गुरु मेला महोत्सव को लेकर ग्राम अमरा मोठ में भव्य आमंत्रण कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार



झांसी। शुक्रवार को बुंदेलखंड क्षेत्र के ग्राम अमरा मोठ, जिला झांसी में स्थित कैलाश आश्रम के महंत श्री श्री 108 नरेंद्र भारती महाराज द्वारा आगामी श्री अमर गुरु मेला महोत्सव को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, धमार्चार्यों एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रण पत्र वितरित किए गए। महंत श्री नरेंद्र भारती महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री अमर गुरु सरकार अमरगढ़ किला (समरजीत जूदेव नाती राजा किला) में आयोजित होने वाले इस महोत्सव के अंतर्गत श्रीमद्भागवत कथा, रामलीला, कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रीमद्भागवत कथा का वाचन पूज्य श्री सुंदरी दीदी (श्रीधाम वृंदावन) द्वारा किया जाएगा, जबकि रामलीला मंचन में मनोज तिवारी (बांदा) एवं मीनू सिंह कठौरिया (दिबियापुर) की सहभागिता रहेगी। यह धार्मिक आयोजन दिनांक 2 फरवरी 2026 से 9 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसका समापन पूणार्हुति, कन्या भोज एवं भंडारे के साथ किया जाएगा। कथा के परीक्षित के रूप में श्रीमती राजेश्वरी कल्याण सिंह (ग्राम अमरा) रहेंगी। आमंत्रण कार्यक्रम के दौरान मऊरानीपुर विधायक डॉ. रश्मि आर्या, समाजसेवी पप्पू सेठ, विधायक पुत्र राहुल राजपूत, गरौठा विधायक जवाहर सिंह राजपूत, पूर्व विधायक बृजेंद्र व्यास उर्फ डमडम महाराज, अमित राय (जिला पंचायत सदस्य, निवाड़ी), अर्जरिया केंद्रीय अध्यक्ष, बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट प्रमोद शिवहरे (झांसी), उमेश यादव (वरिष्ठ समाजसेवी), डॉ. सुभाष रायकवार (बुंदेलखंड अध्यक्ष, कश्यप निषाद संगठन भारत), बी. बट्टा गुरु निषाद (पत्रकार), डॉ. एस.के. अग्रवाल (प्रदेश महासचिव, भारतीय चिकित्सा परिषद, लखनऊ), राजकुमार रायकवार (बराठा) सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में समस्त अमर गुरु कमेटी, ग्रामवासी, क्षेत्रवासी एवं पुजारी रामसेवक की सक्रिय भूमिका रहेगी। आयोजकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# नित्य किशोर दीक्षित को खनन अभियांत्रिकी में पीएचडी की उपाधि



अमन लेखनी समाचार

झांसी। ए के एस विश्वविद्यालय सतना द्वारा नित्य किशोर दीक्षित को खनन अभियांत्रिकी ( माइनिंग इंजीनियरिंग) विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई! इनका शोध विषय यूटिलाइजेशन ऑफ जियोलॉजिकल पैरामीटर ड्यूरिंग मीनिंग ऑपरेशन इन लाइमस्टोन माइन्स का विंध्यान सुपरग्रुप रहा इस शोध के अंतर्गत विंध्यान सुपर ग्रुप क्षेत्र की रीवा एवं सतना जिलों की चूना पत्थर खदानों में खदान संचालन के दौरान विभिन्न भू वैज्ञानिक मानकों के वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक उपयोग का गहन अध्ययन किया गया है! शोध कार्य में भू वैज्ञानिक संरचना, स्तर क्रम, ग्रेड परिवर्तन संसाधन एवं भंडार आकलन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को सम्मिलित करते हुए यह दशार्या गया है की उपयुक्त भू वैज्ञानिक विश्लेषण के माध्यम से खनन योजना को अधिक सुरक्षित किफायती एवं प्रभावी बनाया जा सकता है! यह शोध कार्य सीमेंट उद्योग सहित चूना पत्थर पर आधारित खनन परियोजनाओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा! इस शोध कार्य का मार्गदर्शन ए के एस विश्वविद्यालय के खनन अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष डॉक्टर बी के मिश्रा द्वारा किया गया! पीएचडी की उपाधि प्राप्त होने पर डीन, फैकेल्टी आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्रोफेसर जी के प्रधान ने नित्य किशोर दीक्षित को बधाई देते हुए उनके शोध कार्य की सराहना की और इसे उद्योग एवं अकादमिक जगत के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# गांधी भवन में सर्वधर्म प्रार्थना सभा, बापू को दी गई श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। शुक्रवार को महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस (शहीद दिवस) के अवसर पर स्थानीय गांधी भवन में महात्मा गांधी जनकल्याण समिति के तत्वावधान में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष दीनदयाल वर्मा लल्लू दादा ने की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन और निधन से जुड़े प्रसंगों को विस्तार से संदर्भित किया। गांधीवादी विचारक उर्मिला श्रीवास्तव ने गांधी के जीवन को आने वाली पीढ़ी के लिए आदर्श बताते हुए उनके विचारों को अपनाने पर जोर दिया। वहीं वरिष्ठ सदस्य जगिन्दर गांधी ने नवीन पीढ़ी से सत्य और अहिंसा की शक्ति को सही रूप में पहचानने और जीवन में उतारने की अपील की। वरिष्ठ समाजसेवी एवं समिति सदस्य अविनाश गुप्ता ने भी गांधी से जुड़े संस्मरण साझा किए। इससे पूर्व सर्वधर्म प्रार्थना सभा के माध्यम से हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध और जैन गुरुओं द्वारा प्रार्थनाएं की गईं। कार्यक्रम में समिति के सदस्य करुणा शंकर, मनीष मिश्रा, बाबू अली, नवल द्विवेदी, राजेन्द्र गुप्ता, आलम रब्बानी, कमला शंकर, शुभम मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभा का संचालन विजय मिश्र ने किया। इसके उपरांत ठीक 11:54 बजे उपस्थित सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं उपाध्यक्ष रहे स्वर्गीय अरुणेश वाजपेई को भी 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

# किसी भी समय ब्लॉक में हो सकती है बड़ी घटना

## सचिवों ने बीडीओ को 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद /हरदोई।ब्लॉक मुख्यालय पर एक प्रधान द्वारा लगातार सचिव को पीटना और गाली-गलौज करना आम बात हो गई है। सचिवों को आशंका है कि किसी भी समय कोई भी बड़ी घटना घट सकती है लेकिन प्रशासन पूरी तरह से मूकदर्शक बना हुआ है। गुरुवार को फिरोजपुर खुर्द के प्रधान विवेक पांडे द्वारा सचिन हर्षित सिंह के साथ हाथापाई करने और जान माल की धमकी देकर गंदी-गंदी गालियां देने से सचिवों के अंदर भय व्याप्त हो गया है। सचिवों ने शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय पर बैठक करके बीडीओ को 24 घंटे के अंदर हर्षित सिंह का तबादला अन्यत्र करने के लिए अल्टीमेटम दिया है। ब्लॉक शाहाबाद की ग्राम पंचायत फिरोजपुर खुर्द के ग्राम प्रधान विवेक पाण्डेय ने दूसरी बार 29 जनवरी को सचिव हर्षित सिंह को गाली गलौज करते हुए हाथ पाई की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। विवेक पाण्डेय ने इससे पहले 11 नवंबर 2025 को ब्लॉक पर हर्षित सिंह से हाथापाई की थी जिसके विरोध में ब्लॉक शाहाबाद के सभी सचिवों ने विरोध दर्ज कराया। उसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई।लेकिन प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी प्रधान के खिलाफ अभी तक कोई कार्यवाही न होना यह दशार्ता है कि प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है, जब कि प्रधान ने पहले से ही हर्षित सिंह को जान से मारने की धमकी दे रखी है। क्या घटना होने बाद ही प्रशासन की नींद टूटेगी ? हर्षित सिंह लगातार मानसिक प्रताड़ित हो रहे हैं। सचिव हर्षित सिंह के अन्यत्र तबादले को लेकर सभी सचिवों ने एक बैठक की और यह निर्णय लिया कि 24 घंटे के अंदर अगर बीडीओ यहां से ट्रांसफर नहीं करवाते हैं तो सभी सचिव कार्य का बहिष्कार करेंगे। सरकारी कार्य में बाधा डालने और सचिव से मारपीट करने का मुकदमा दर्ज होने के बाद शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने एक भी बार प्रधान विवेक पांडे को बुलाना मुनासिब नहीं समझा। आखिर वजह क्या है ? जिससे प्रधान विवेक पांडे के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और वह आए दिन सचिव को शराब पीकर मारपीट और गाली गलौज कर रहा है। सचिवों का मानना है प्रधान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी राजनैतिक दबाव के कारण कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे प्रधान के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और सचिवों को मारपीट और गाली गलौज कर बेइज्जत किया जा रहा है ? सचिवों का मानना है राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होने की वजह से प्रधान खुलेआम घूम रहा है और गुंडई कर रहा है, अगर प्रधान पर पिछली एफ आई आर दर्ज होने के बाद कार्रवाई हो गई होती तो शायद उसके हौसले बुलंद नहीं होते और दोबारा यह घटना नहीं होती।

# भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई को नमन कर संत चित्र विचित्र महाराज ने की संकीर्तन की शुरूआत

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।श्री खाटू श्याम मंदिर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव/पाटोस्तव के अवसर पर भव्य श्री खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन स्थानीय आर आर इंटर कालेज के मैदान पर किया गया जिसमें वृदावन के प्रमुख रसिक संत श्री चित्र विचित्र जी महाराज, राजस्थान से नेहा शर्मा व कानपुर से संदीप मस्ताना अपनी समधुर प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत कर बाबा श्याम का गुणगान किया। श्री खाटू श्याम संकीर्तन की शुरूआत रास्थान से आई भजन गायिका नेहा शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना से की। इसके बाद नेहा शर्मा ने कितना प्यारा है श्रृंगार लेओ तेरी नजर उतार,कर्म प्रभाव का लेखा जोखा बाबा तेरे हाथों में सुना लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद कानपुर के प्रमुख भजन गायक संदीप मस्ताना ने साँवरिया तेरा शुक्रिया.., लेने आजा खाटू वाले हरदोई के इस मोड़ पर होली खेल रहे बाके बिहारी आज रंग बरस रहा, आयो सावरियो सरकार लीले पर चढ़के, मोर छड़ी लहराये रे रसिया ओ सावरिया,मेरे घर के आगे श्याम तेरा मंदिर बन जाये, तीन बाण के कलाधारी कला मुझे भी दिखा दे तू, थारी हो रही जय जयकार श्याम तेरे कीर्तन में जैसे कई मधुर भजन सुना भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद आए वृदावन के प्रमुख रसिक संत श्री चित्र विचित्र जी महाराज ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई को नमन कर अपने भजनों की अमृत वर्षा से लोगो को सरोबर कर दिया। संत श्री चित्र विचित्र जी महाराज ने करुणामयी कृपा कीजिये श्री राधे, अकेली गई थी ब्रज में वहाँ मोर पंख वाला मिल गया, मेरी विनती यही है राधा रानी कृपा बनाये रखना, काली कमली वाला मेरा यार है मेरे मन के मोहन का वो दिलदार है, तू राधे राधे बोल जरा, हम हाथ उठा कर कहते है हम हो गए राधा रानी के, साँवरे को दिल में बसा कर तो देखो कभी वृंदावन आकर तो देखो, हमे राधे रानी तेरे नाम का सहारा आदि भजन सुना लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंच पर पहुँचने पर श्याम ज्योति सेवा संस्था के अध्यक्ष अचल अग्रवाल, समर्थ शाह, राजेंद्र भाई पटेल, अमित अग्रवाल, सौरव गुप्ता, मुकेश मित्तल, अंकुर जिंदल, सुनील अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रानू गुप्ता, रजनीश अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, अमन सिंह, गौरव अग्रवाल आदि ने संत श्री चित्र विचित्र जी महाराज को माला व पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम सुनने भारी संख्या में पहुंचे लोगो ने प्रमुख रसिक संत को हरदोई वालो से रूबरू करवाने के लिए श्याम ज्योति सेवा समिति का शुक्रिया अदा किया।

# सात को तय होगा किसके सर बंधेगा बार एसोशिएसन अध्यक्ष का ताज और कौन बनेगा महामंत्री

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद /हरदोई।बार एसोशिएसन के 2026 के चुनाव को लेकर इस समय तहसील में गहमा गहमी का माहौल है। शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन सभी प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किये। शनिवार को नामांकन पत्रों की जाँच और नामांकन वापसी का दिन रहेगा। सात फरवरी को मतदान और परिणाम की घोषणा की जाएगी। बार एसोसिएशन शाहाबाद के वार्षिक चुनाव वर्ष 2026 हेतु नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण हुई जिसमें एल्डर कमेटी के अध्यक्ष आनंद वीर श्रीवास्तव व सदस्य गण ज्ञानप्रकाश पाल ,अनिरुद्ध कुमार मिश्रा ,राकेश कुमार, सैय्यद रईसअली की कमेटी द्वारा नामांकन पत्रों की बिक्री की गई कई पदों हेतु आज 30 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई जिसमें अध्यक्ष पद पर विमलेश सिंह लोधी एवं उमेश कुमार व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संत कुमार सिंह व खुर्शीद अली , गिरंद प्रकाश मिश्रा, महामंत्री पद पर अनिल कुमार शुक्ला व बलराम दीक्षित, कोषाध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार वर्मा व हसनैन वारसी व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर हरिनाम सिंह यादव, संयुक्त मंत्री पद पर दुर्गेश कुमार अवस्थी व आशीष पांडे, वरिष्ठ सदस्य पर श्रीकृष्ण शर्मा व कृष्ण कुमार पांडे व घनश्याम द्विवेदी नीरज दीक्षित व चंद्रपाल सिंह व विमल कुमार पांडे, कनिष्ठ सदस्य पद पर धीरेंद्र कुमार सिंह , प्रदीप कुमार शर्मा व मणींद्र कुमार रंजन व नीरज कुमार शुक्ला व शेरसिंह व सुधीश कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किए गए जिसमें अध्यक्ष पद पर विमलेश सिंह लोधी व उमेश कुमार के बीच काटे की टक्कर होने की प्रबल संभावना है व महामंत्री पद पर अनिल कुमार शुक्ला व बलराम दीक्षित के बीच सीधा मुकाबला है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु संत कुमार सिंह व गिरेंद्र प्रकाश मिश्रा और खुर्शीद आलम के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है।कोषाध्यक्ष पद पर हसनैन वारसी व प्रमोद कुमार वर्मा के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना है शेष सभी पदाधिकारी व सदस्य निर्विरोध निर्वाचित होना तय हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग एवं व्यापार बन्धु की बैठक

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक हुई। बैठक में जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों की समस्याओं, आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने गंगा देवी मार्ग से शुगर मिल कालोनी तक स्ट्रीट लाइट व सड़क चौड़ीकरण करने के निर्देश दिये। हथौड़ा से बेरूआ थानगांव की खराब सड़क की समस्या के सम्बन्ध मे शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, जिसके क्रम मे जिलाधिकारी ने पुनः अनुस्मारक पत्र भेजने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, सड़क, जल निकासी व अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सीएसएन कालेज के सामने की सीसी रोड बनाने के सम्बन्ध मे प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि खराब विद्युत पोलों की तत्काल मरम्मत कराई जाए। प्रत्येक शिकायत या आवेदन का निर्धारित समय के भीतर निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि उद्यमियों के साथ लगातार समन्वय बनाकर उनकी व्यावहारिक समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि जिले में औद्योगिक विकास की गति को और बल मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अतिरिक्त मजिस्टेज्ट अरूणिमा श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# कछौना मारपीट बवाल में सात आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।कछौना थाना छेत्र के कस्बे में 25 जनवरी को हुए बवाल और मारपीट के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। प्राप्त विवरण में 25.01.2026 को प्रथम पक्ष सलीम पुत्र सज्जाद, फिरदौस जहां पत्नी मो० सलीम निवासी ग्राम तकिया कछौना देहात व द्वितीय पक्ष मो० नसीम पुत्र स्व० नन्हे बाबा निवासीगण गौसगंज रोड कस्बा व थाना कछौना के मध्य आपसी कहासुनी व मारपीट हुई थी। स्थानीय पुलिस द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेते हुए दोनों पक्षों के घायल व्यक्तियों का मेडिकल परीक्षण कराया गया था। इस संबंध में 28 जनवरी को फिरदौस जहां पत्नी सलीम निवासी तकिया की तहरीर के आधार पर थाना कछौना पर नसीम सहित 12 नामजद व्यक्तियों तथा कुछ अन्य अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई।थाना कछौना पुलिस द्वारा उपरोक्त मारपीट की घटना में संलिप्त/वांछित जमाल पुत्र हसनैन, आमिर पुत्र नसीम, रफीक पुत्र गफूर, अखिल पुत्र पूतन, फारुख पुत्र मोहम्मद हसनैन, इरफान पुत्र शरीफ सर्वनिवासीगण निवासी ग्राम तकिया कछौना देहात थाना कछौना और मोहम्मद शरीफ पुत्र नन्हे बाबा निवासी सदर बाजार थाना कछौना को गिरफ्तार किया गया है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

